तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


युवक चार सवारी सड़क पर बेखौफ दौड़ा रहे वाहन।

## खबर संक्षेप

### एसईसीआर के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक बने बिंद्रा



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर जेएस बिंद्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। सोमवार को उन्होंने यह दायित्व राहुल अग्रवाल से लिया है। राहुल अग्रवाल का बिलासपुर में तीन साल के सफल कार्यकाल के बाद रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में प्रमुख कार्यकारी निदेशक के पद पर स्थानांतरण हो गया है। श्री बिंद्रा इससे पहले दो माह तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। वे वर्ष 1996 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा आईआरटीएस के अधिकारी हैं और उन्हें रेल परिचालन, वाणिज्य व संरक्षा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त है। अपने सेवाकाल में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर मंडल में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है। इसके अतिरिक्त उत्तरी रेलवे तथा रेलवे बोर्ड में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किया। कोयला मंत्रालय में निदेशक के रूप में कार्य करने के अलावा भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए एमसीएल और एससीसीएल के निदेशक मंडल में सदस्य रहे। वर्ष 2025 में रांची मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण करने के साथ रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक गतिशक्ति की जिम्मेदारी निभाई।

### बिलासा कॉलेज में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आज से

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में हिंदी, संस्कृत उर्दू संगीत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 17 मार्च से दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय 21वीं सदी में भारतीय साहित्य सिनेमा और समाज का बदलता स्वरूप है। जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों महाविद्यालयों शोध संस्थानों से प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। पंजीयन कल 12 तक करा सकते हैं।

### हिन्दू नववर्ष पर निकाली जाएगी शोभायात्रा 19 को




**बिलासपुर।** हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति द्वारा 19 मार्च को नव वर्ष पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमे बिलासपुर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद भजन गायिका आभा बाजपेई जी हम सब को भगवामय भक्ती के रंग मे सराबोर करने आ रही है आप सभी भक्त अधिक सख्या मे पधारकर पूर्ण के भागीदार बनें।

### सोशल मीडिया में टिप्पणी युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया, दो दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शहर में आगमन हुआ था। उसी दिन सोशल मीडिया में श्री साय के खिलाफ अपशब्दो का उपयोग करते हुए टिप्पणी लिखकर वायरल किया गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। सोमवार को पुलिस ने सोशल मीडिया में टिप्पणी करने वाले खरोरा निवासी उदय वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एयू ने प्री-पीएचडी आवेदन शुल्क को बनाया कमाई का जरिया, तीसरी बार बढ़ाई फार्म भरने की तिथि

**निर्धारित सीटों से पांच गुना अधिक आवेदन पहले आ चुके**

**सामान्य से डेढ़ हजार व आरक्षित वर्ग से लिया जा रहा 1 हजार रुपए आवेदन शुल्क**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अलग खबर

अटल यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया को कमाई का जरिया बना लिया है। यूनिवर्सिटी द्वारा सामान्य वर्ग के आवेदकों से 1500 रुपए व आरक्षित वर्ग से 1 हजार रुपए आवेदन शुल्क लिया जा रहा है। अब तक पीएचडी के 449 सीटों के लिए चार से पांच गुना अधिक लगभग ढ़ाई हजार आवेदनों से लाखों रुपए यूनिवर्सिटी के पास आ चुके हैं बावजूद यूनिवर्सिटी ने आनलाइन आवेदन की तिथि तीसरी बार आगे बढ़ा दी है।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी के तीसरे नए बेच के लिए प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा इस सत्र आयोजित की जाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से आनलाइन आवेदन भराए जा रहे हैं, लेकिन बार-बार आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने से छात्र जगत में यूनिवर्सिटी पर यह उंगली उठने लगी है कि यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी के आवेदन को अपना कमाई का जरिया बना लिया है। यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी आनलाइन आवेदन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए लिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी द्वारा जनवरी माह से प्री-पीएचडी के लिए आवेदन भराए जाना शुरू किया गया था और करीब तीन महिने से आवेदन ही भराया जा रहा है। यूनिवर्सिटी पहले भी दो बार अंतिम तिथि आगे बढ़ा चुकी थी और पीएचडी के 493 सीटों के विरूद्ध चार-पांच गुना अधिक 2 हजार 453 आनलाइन आवेदन पहले ही आ चुके हैं। इससे आवेदन शुल्क के रूप में यूनिवर्सिटी को लाखों रुपए का आय हो चुकी है, उसके बाद यूनिवर्सिटी ने फिर से तीसरी बार प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा फार्म की तिथि 31 मार्च तक के लिए आगे बढ़ा दी है। इस तरह प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा फार्म से आवेदन शुल्क के नाम पर यूनिवर्सिटी कमाई करते जा रही है जब सीटें निर्धारित हैं और कई गुना फार्म पहले ही आ चुके हैं तो क्या कमाई करने के लिए यूनिवर्सिटी बार-बार फार्म भरने की तिथि आगे बढ़ा रही है।

### पीएचडी के लिए तीन और विषय बढ़ाए गए

अटल यूनिवर्सिटी ने प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा फार्म की तिथि तीसरी बार आगे बढ़ाते हुए तीन और नए विषयों को पीएचडी के लिए शामिल किया है। इनमें गृह विज्ञान 4 सीट, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी 4 सीट और हॉटल मैनेजमेंट एंड हास्पिटेलिटी 4 सीट शामिल है। इस तरह अब पीएचडी के विषयों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है और सीटों की संख्या भी अब 461 हो गई है। इसके पहले यूनिवर्सिटी ने पीएचडी के लिए 20 विषयों के लिए आवेदन मंगाए गए थे, जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित, वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। इनमें कुल 493 सीटों में से 207 डीईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी की सीटों पर प्रवेश परीक्षा से छूट रहेगी।

### 23 जनवरी से शुरू हुई थी आवेदन प्रक्रिया

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर 23 जनवरी से आनलाइन आवेदन की शुरूआत की थी जिसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी रखी गई थी। पहली बार आवेदन की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई गई थी, उसके बाद दूसरी बार 7 मार्च तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अब 31 मार्च तक प्री-पीएचडी के लिए आनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इस तरह पिछले लगभग तीन महिने से प्री-पीएचडी के लिए आवेदन प्रक्रिया ही चल रही है।

### वर्ष 2023 में आए थे डेढ़ हजार आवेदन

अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के दूसरे बेच के लिए वर्ष 2023 में प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित किया गया था। उस समय 19 विषयों के लिए आवेदन आनलाइन मंगाए गए थे, जिसमें तिथि बढ़ाए जाने के बाद लगभग 1500 आवेदन आए थे। लेकिन इस बार प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन का आंकड़ा तीन साल पहले के आंकड़ा को पार कर दिया है।

### मांग की जा रही थी

प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है क्योंकि इससे पूर्व आवेदन कम आए और तिथि बढ़ाने की मांग भी की जा रही थी। इस बार भी पीएचडी में नए विषय जोड़े गए हैं। आवेदन की तिथि कमाई के लिए नहीं बढ़ाई जा रही है।

**- प्रो. एडीएन वाजपेयी,** कुलपति, अटल यूनिवर्सिटी

**3 घंटे चला रेस्क्यू आपरेशन, दरवाजे का ताला तोड़ महिला का शव बाहर निकाला गया**

## बंद घर में ब्लास्ट हुआ फ्रिज का कंप्रेसर, महिला जिंदा जली


वह घर जहां फ्रिज में हुआ ब्लास्ट व इनसेट में मृतक महिला।




घर में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर के दरवाजे पर अंदर से ताला लगाकर रह रहीं महिला फ्रिज का कंप्रेसर ब्लास्ट होने पर हादसे का शिकार हो गईं। ब्लास्ट होने से घर के अंदर आग लग गई, जिसकी चपेट में आई महिला जिंदा जल गईं। 3 घंटे के अथक प्रयास से घर में लगी आग बुझाई जा सकी, उसके बाद खिड़की तोड़कर महिला का शव बाहर निकालकर मरच्यूरी में रखवाया गया। मृतका के परिजन के बाहर होने से पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, लिंगियाडीह सांई मंदिर के बगल में रहने वाली जया अग्रवाल 55 साल घर में अकेले रहती थीं। रात में उन्होंने अंदर से दरवाजे में ताला बंद कर लिया था। रात 11.30 बजे आसपास के लोगों ने उनके घर के अंदर ब्लास्ट होने की आवाज सुनी। उसके बाद उनके घर से आग की लपटें दिखाई देने लगी। आसपास के लोग पुलिस को सूचना देकर बाल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए। इधर सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। अंदर से दरवाजा बंद होने से टीम को पानी डालने में परेशानी हो रही थी। अगल बगल से घुसकर टीम पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रही थी। तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### खिड़की तोड़कर अंदर घुसे

आग बुझाने के बाद अंदर से दरवाजा बंद होने पर पुलिसकर्मी खिड़की तोड़कर अंदर गए और दरवाजे का ताला तोड़ा। उसके बाद पुलिस अंदर गई। वहां महिला की लाश दिखी, पास में फ्रिज जलकर टूटा हुआ पड़ा था। बताया जाता है फ्रिज का कम्प्रेसर फटने से आग लग गई थी। अंदर से ताला बंद होने से महिला अंदर में फंस गईं और उनकी मौत हो गई है।



### एक सप्ताह पहले मुंहबोले भाई की मौत

टीआई श्री आर्या ने बताया, मृतका मुंहबोले भाई वकील नीलकमल के साथ रह रही थीं। 4 मार्च को उनकी तबियत खराब हुई तो वे इलाज कराने के लिए अपने बच्चों के पास बेंगलुरू चले गए थे। 8 मार्च को उनकी बेंगलुरू में मृत्यु हो गई है। उनके बच्चे बेंगलुरू से बिलासपुर के लिए रवाना हो गए हैं। उनके आने के बाद मंगलवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## विवादों के बीच शुरू हुई पांचवीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


**सीबीएसई और सीजी बोर्ड का निपटारा करने कलेक्टर ने बनाई कमेटी**

- **कहीं देर से तो कहीं पहुंचा ही नहीं प्रश्नपत्र**

भारी विवादों के बीच पांचवीं और आठवीं की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। पहले दिन पांचवी की परीक्षा ली गई। इसमें कई सेंटरों में प्रश्न पत्र नहीं पहुंचने और देर से पहुंचने की शिकायत मिली। हालांकि शिकायतों के बाद शिक्षा विभाग ने व्यवस्था तत्काल करने की बात कही है। ध्यान रहे कि इस साल पांचवीं की परीक्षा में 32 हजार 738 छात्र तो 8 वीं में 31 हजार 499 छात्र शामिल हो रहें हैं। इससे पहले इन दोनों परीक्षाओं में सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई और सीजी बोर्ड की परीक्षा को लेकर भारी विवाद की स्थिति सामने आई है। शिक्षा विभाग ने मामले में जांच कमेटी बनाने की बात कही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी शिक्षा विभाग और स्कूलों से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है।

जिले में 5 वीं और 8 वीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गईं हैं। पहले दिन पांचवीं की हिंदी की परीक्षा हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और पाठ्यक्रम के अनुरूप बताया।उन्होंने कहा कि सभी सवाल उनकी पाठ्यपुस्तकों से ही आए थे, जिससे उन्हें हल करने में कोई विशेष कठिनाई नहीं हुई।

ध्यान रहे कि 5वीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे और 8 वीं की सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए उड़नदस्तों की टीम तैनात की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिसमें पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था शामिल है।

### फेल होने वालों को भी मिलेगा दूसरा मौका

इन दोनों परीक्षाओं की खास बात है कि जो विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होंगे, उन्हें पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। पूरक परीक्षा का आयोजन 1 जून 2026 से किया जाएगा। यदि कोई छात्र पूरक परीक्षा में भी सफल नहीं होता है, तब भी उसे कक्षा उन्नति का लाभ दिया जाएगा। इधर शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा संचालन या मूल्यांकन में किसी भी स्तर पर लापरवाही, गड़बड़ी या गोपनीयता भंग होने की स्थिति में संबंधित शिक्षक या अधिकारी के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सभी सरकारी स्कूल बनाए गए परीक्षा केन्द्र

इस बार कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीय परीक्षा के लिए राज्य के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं सीबीएसई और आईसीएसई से जुड़े स्कूल इस व्यवस्था से बाहर रहेंगे। संस्कृत और मदरसा बोर्ड से जुड़े विषयों के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई है ताकि पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षा हो सके। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हर परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति पास के दूसरे स्कूल से की गई है। इनकी नियुक्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर जिला स्तरीय संचालन समिति द्वारा की जा र ही है। इससे स्थानीय स्तर पर किसी भी तरह की गड़बड़ी या पक्षपात की संभावना को कम किया जा सकेगा।

### रात में स्कूल कैंपस में हंगामा

सीबीएसई बोर्ड से पढ़ाई कराने के बाद सीजीबोर्ड से परीक्षा देने के लिए छात्रों को मजबूर करने के मामले में सोमवार की रात पैरेंट्स ने स्कूल कैंपस में हंगामा किया। पैरेंट्स ने आरोप लगाया कि रात 8 बजे बच्चों को 17 मार्च की परीक्षा के लिए मैसेज दिया जा रहा है। ऐसे में बच्चे कैसे तैयारी कर सकते हैं। विरोध करने वालों ने स्कूल प्रबंधन पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

## गर्मी और परीक्षाओं के चलते बदला स्कूल टाइम

**सुबह 7.30 बजे लगेंगी क्लास**

- **जिले के सभी शासकीय स्कूलों के साथ-साथ अशासकीय स्कूलों पर भी लागू होगा आदेश**

जिले में बढ़ती गर्मी और वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने परिपत्र जारी कर सभी स्कूलों को सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आदेश सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों तथा प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूलों के प्रधान पाठकों को भेज दिया गया है।
जारी परिपत्र के अनुसार जिले के सभी शासकीय स्कूलों में नया समय लागू होगा। इस अवधि में सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में असुविधा न हो। इसके साथ ही परिपत्र में बताया गया है कि 16 मार्च से प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसी कारण स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया है, ताकि परीक्षाएं केन्द्रीकृत समय-सारिणी के अनुसार सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।
यह आदेश जिले के सभी शासकीय स्कूलों के साथ-साथ अशासकीय स्कूलों पर भी लागू रहेगा। हालांकि बोर्ड परीक्षाएं और मूल्यांकन कार्य इस आदेश से प्रभावित नहीं होंगे। जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की परीक्षाएं निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। अन्य सभी पूर्व निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

**जबलपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर व प्रयागराज की फ्लाइट पर ब्रेक**

## दिल्ली फ्लाइट हफ्ते में 4 दिन, कोलकाता 2 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ान भरने वालों को झटका लगने वाला है। अलायंस एयर ने समर शेड्यूल में बदलाव कर दिया है हालांकि यह अधूरा है, लेकिन दिल्ली के लिए सप्तांह में 4 दिनों की डायरेक्ट फ्लाइट मिल रही है।

महज 15 दिन के भीतर अलायंस एयर ने अपना समर शेड्यूल बदल दिया है। एयर लाइन्स कंपनी ने दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट चलाने के घोषणा की है, फ्लाइट सोम, बुध, शुक्र और शनिवार को सुबह 10.50 बजे मौजूद होगी। साथ ही बिलासपुर से कोलकाता के लिए सुबह 8.20 बजे गुरू व शनिवार को फ्लाइट मिल सकेगी। खास बात यह है कि सोमवार को जारी किए गए शेड्यूल में जबलपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर के साथ ही प्रयागराज की फ्लाइट को ब्रेक लगा दिया गया है। ऐसे में इन शहरों में यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल लंबी दूरी की दो फ्लाइट ही चल रही है, लेकिन आगामी दिनों में शेड्यूल में बदलाव संभव है, जिसके इन शहरों के लिए फ्लाइट मिल सकेगी।

### अलायंस एयर ने बदला शेड्यूल



### 15 दिन पहले जारी किया था शेड्यल

एयरलाइन्स कंपनी ने समर शेड्यूल करते हुए प्रयागराज, जबलपुर, कोलकता, अंबिकापुर और दिल्ली के लिए हफ्ते में एक दिन की फ्लाइट देने की घोषणा की थी। अलांयस एयर द्वारा जारी किए गए शेड्यूल में सोमवार को दिल्ली से फ्लाइट बिलासपुर आकर अंबिकापुर जाने वाली थी। मंगलवार को दिल्ली की फ्लाइट बिलासपुर-जबलपुर और बिलासपुर-दिल्ली के लिए उड़ान दी गई। बुधवार को दिल्ली की फ्लाइट अंबिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली की फ्लाइट थी और गुरूवार को महज कोलकता की फ्लाइट थी। यह सभी कनेक्टिंग फ्लाइट थी, जिसे फिलहाल रोक दिया गया है।

**10 से 12 हजार पहुंचा किराया :** खास बात यह है बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट का किराया 10 हजार से अधिक पहुंच चुका है। फ्लैक्सी किराया के तहत यह 12 से 15 हजार तक जा सकता है। कोलकाता का किराया 38 सौ से 44 सौ के करीब जा पहुंचा है। जानकारों के अनुसार सीधी फ्लाइट होने के कारण किराया बढ़ाया गया है।

## कार खरीदने का झांसा देकर नाबालिग से 17 तोला सोना, 200 ग्राम चांदी मंगाकर दोस्तों ने बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड आर्मी जवान के नाबालिग बेटे को उसके दो दोस्तों ने अय्याशी करने के लिए महिंद्रा थार खरीदने का झांसा दिया और उसके घर से 17 तोला सोना, 200 ग्राम चांदी मंगाकर बेच दिया। उसके बाद भी उसे घर से सोने के जेवर लाने के लिए दबाव बनाने लगे। पुलिस ने नाबालिग दोस्त व खरीददारों को पकड़कर सोने चांदी के जेवर बरामद कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड आर्मी के जवान का बेटा कक्षा 10वीं का छात्र है। उसके तीन दोस्तों ने घूमने फिरने व अय्याशी करने के लिए थार गाड़ी खरीदने की योजना बनाई। सभी ने अपने अपने घर से सोना लाकर उसे बेचकर गाड़ी खरीदने की बात कही। तीनों युवक नकली सोना लेकर आए और आर्मी जवान का बेटा अपने घर से 17 तोला सोना, 200 ग्राम चांदी जेवर चोरी कर दोस्तों को दे दिया। उसके दोस्तों ने 7 लाख रुपए में उक्त जेवर गिरवी रखा और बेच दिया। उसके बाद भी उसके दोस्त आर्मी जवान के बेटे को घर से जेवर चोरी कर लाने के लिए दबाव बना रहे थे। जेवर नहीं लाने पर वे उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। उनके डर से 14 मार्च को बेटे ने घटना की जानकारी अपने पिता आर्मी जवान को दी। उन्होंने घर में रखी आलमारी का लाकर खोलकर देखा तो सभी जेवर गायब थे। उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 4, 318, 1, 317, 1, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग व खरीददार पकड़े गए

टीआई आर्या ने बताया पीड़ित छात्र नाबालिग दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद खरीददार खुशबू अग्रवाल, प्रियांशु देवेश सोनी व जेवर बेचने में सहयोग करने वाले प्रियांशु सोनकर को पकड़कर सोने व चांदी के जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

## खबर संक्षेप

### ठाकुर देव मंदिर में सतरंगी रे की प्रस्तुति ने मोहा मन



**बिलासपुर।** मोपका के ठाकुर देव मंदिर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों की सतरंगी प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। 15 मार्च को शाम 4 बजे से प्रारंभ यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग परिवार सहित शामिल होकर रंगों के इस उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई। नीलकमल वैष्णव की "सतरंगी रे" की विशेष प्रस्तुति से शाम रंगीन बन गई। आयोजन का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारा, पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के लिए आकाश जितेन्द्र यादव, कोको पाड़ी, राजेंद्र शुक्ला, राकेश यादव, लक्ष्मी साहू, पूर्व पार्षद गौरीशंकर यादव आदि मौजूद थे।

### सात्विक शरीर, मन, बुद्धि से होते हैं सात्विक कर्म : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग हुआ। यज्ञ के बाद प्रमोद गुप्ता और संध्या शर्मा ने भजन पेश किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि सात्विक शरीर, सात्विक मन, सात्विक बुद्धि से सात्विक कर्म होते हैं इसलिए हमारे पूर्वजों ने नवरात्रि का विधान बनाया है। नवदुर्गा के जो 9 नाम है, वह 9 औषधियों के ही संस्कृत नाम है। उत्तरप्रदेश से आए आर्य शत्रुघ्न तोमर ने बताया कि संपूर्ण विश्व को आर्य श्रेष्ठ बनाना है। स्वामी दयानंद सरस्वती ने हमें लक्ष्य दिया है। इसके लिए पहले स्वयं और फिर परिवार को आर्य बनाना है, तभी आर्य से आर्य राष्ट्र बनेगा। आचार्य जयदेव शास्त्री ने नवरात्रि और नववर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष में दो बार मौसम परिवर्तन होता है। वर्तमान समय में बसंत ऋतु में पूरी सृष्टि में परिवर्तन होता है। नवरात्रि में उपवास कर शरीर एवं ध्यान, भजन, सत्संग कर बुद्धि, मन को पवित्र करें।

### बाबा गेलाराम ने हमेशा गरीबों के लिए किया काम



**बिलासपुर।** गोदड़ीवाला धाम जरहाभाटा सिंधी कॉलोनी स्थित दरबार में ब्रह्मस्वरूप संत बाबा गेराराम साहेब का 96 वां जन्म उत्सव हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस दौरान अखंड पाठ व भोग साहिब कर आरती की गई। पल्लव पाकर अरदास की गई। साध संगतों को प्रसाद वितरण कर आम भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबाजी के स्वरूप पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। म्यूजिकल पार्टी के कुंदन व यश डोडवानी ने भजन कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। चकरभाटा के मशहूर गायक विनोद चावला ने बाबा के भक्ति भरे भजन गाए। दरबार के सेवादार राजकुमार कलवानी ने बाबा के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा गेलाराम ईश्वर स्वरूप थे। उन्होंने अपने गुरु की अटूट भक्ति से जो शक्ति कमाई थी उस शक्ति का सदुपयोग समाज व मानव हित के लिए किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में सभी सेवादारों का सहयोग रहा।

### कन्या विद्यालय तिफरा में स्नेह सम्मेलन का आयोजन



**बिलासपुर।** हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण अभियान परिवार ने दृष्टिबाधित एनएफबी ज्ञानदीप स्पर्श कन्या आवासीय विद्यालय में हरिहर के नव दंपती के साथ स्नेह समारोह का आयोजन किया। इसमें अपने आशीर्वचन में अनिल टाह ने कहा कि दृष्टि बाधित बच्चियों की सेवा नारायण सेवा के समतुल्य है। हम सब को अपने जीवन के कुछ समय इस तरह के बच्चों के साथ जरूर शेयर करना चाहिए। विदित हो कि ज्ञानदीप स्पर्श कन्या आवासीय विद्यालय अभिलाषा आवासीय परिसर बिलासपुर में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के 60 दृष्टि बाधित छात्राएं अध्यनरत हैं। जहां पहली क्लास से लेकर कॉलेज तक की लड़कियां रहकर अध्ययन करती हैं। जिसमें सभी शत-प्रतिशत बच्चियां दृष्टि बाधित हैं। हरिहर ऑक्सीजन परिवार के सदस्य योगिता भूपेंद्र वर्मा के विवाह उपरांत आयोजित प्रथम स्नेह सम्मेलन में छात्राओं की छात्रावास के लिए आवश्यक बर्तन, स्टेशनरी व नगद राशि के अलावा सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में अनिल टाह, संजय वर्मा, किरण ताराचंद साहू, संतोषी भुवन वर्मा, कालू गंभीर, रेखा मदन मोहन गुल्ला, आरती अजय रजक, विद्या किशोर दुबे, ममता गुप्ता, प्राचार्य ज्योति तिवारी सहित शिक्षक एवं सहयोगी सदस्य उपस्थित थे।

### बांसाझाल अघोरपीठ आश्रम में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

**बिलासपुर।** अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल में चैत्र नवरात्रि की तैयारियों जोरों पर चल रही है। 19 मार्च से प्रारंभ चैत्र नवरात्रि पर माता की सेवा करने के लिए आश्रम को सजाया संवारा जा रहा है। आश्रम के संचालक ने बताया कि यहां अभिजीत मुहुर्त में सुबह 11.25 बजे से दोपहर 12.29 बजे के मध्य घट स्थापना कर अघोर ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार 25 मार्च को रात्रि में महानिशा हवन पूजन किया जाएगा। गुरुवार 26 मार्च को कुंआरी कन्याओं का पूजन एवं भोज होगा। आश्रम में सुबह शाम आरती भजन एवं अघारेश्वर स्मृति वचनामृत का पाठ किया जाएगा।

**कुलपति नियुक्ति का मामला** — अटल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने संभागायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# एयू व रायगढ़ विवि में स्थानीय शिक्षाविदों को कुलपति बनाने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग अंतर्गत बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी व रायगढ़ के शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी में नए कुलपति की नियुक्ति होने वाली है, इसलिए स्थानीय शिक्षाविदों को कुलपति बनाए जाने की मांग उठने लगी है।

इस संबंध में अटल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र-छात्राओं ने कुलाधिपति राज्यपाल के नाम संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। अटल यूनिवर्सिटी और रायगढ़ यूनिवर्सिटी में स्थानीय शिक्षाविदों को कुलपति बनाए जाने की मांग करने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि हमारे राज्य छत्तीसगढ़ में शिक्षा, शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में अनेक योग्य, अनुभवी और प्रतिभाली स्थानीय शिक्षाविद उपलब्ध हैं जिन्होंने वर्षो से प्रदेश में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में अटल यूनिवर्सिटी एवं शहीद नंदकुमार पटेल



यूनिवर्सिटी रायगढ़ में कुलपति पद के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसलिए छात्र-छात्राओं ने अपनी अपेक्षा व्यक्त की है। कुलपति जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पद पर नियुक्ति करते समय छत्तीसगढ़ के स्थानीय एवं योग्य शिक्षाविदों को प्राथमिकता प्रदान की जाए।

छात्र-छात्राओं का कहना है कि स्थानीय शिक्षाविद प्रदेश की शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित होते हैं। ऐसे में वे यूनिवर्सिटी के समग्र विकास, विद्यार्थियों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा के विस्तार में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इसलिए राज्य के यूनिवर्सिटी में नेतृत्व का अवसर प्रदेश के योग्य शिक्षाविदों को मिलना चाहिए। क्योंकि प्रदेश के कई यूनिवर्सिटी में स्थानीय शिक्षाविदों की तुलना में बाहरी राज्यों से कुलपति नियुक्त होने की स्थिति भी सामने आती रही है।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शासन ने 10 बिंदुओं पर जवाब पेश किया लेकिन काम नहीं हो रहा

# बाजार से लेकर नेशनल हाइवे पर खुलेआम घूमता मवेशियों का झुंड जानलेवा बन रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवारा मवेशियों की मौजूदगी अब एक गंभीर और लगातार बढ़ती हुई समस्या बन चुकी है। शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों और यहां तक कि नेशनल हाईवे पर भी इन मवेशियों का झुंड खुलेआम घूमता नजर आता है. इससे जहां यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो रही है, वहीं सड़क हादसों का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा चालाए गए अस्थायी अभियान कुछ समय के लिए राहत तो देते हैं, लेकिन समस्या फिर उसी स्थिति में लौट आती है। हाईकोर्ट ने भी मामले में सरकार को फटकार लगाई है। इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधर रही है। कोर्ट ने इन्हें हटाने, टैगिंग करने और गौठानों में शिफ्ट करने का आदेश दिया है लेकिन इस पर काम नहीं हो रहा है।

- **शहर में आवारा मवेशियों की मौजूदगी एक गंभीर समस्या**

देखा जाए तो बिलासपुर के भीतर से गुजरने वाली मुख्य सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों और व्यस्त बाजार मार्गों पर मवेशियों की भीड़ आम दृश्य बन चुकी है। वाहन चालकों को हर समय अचानक सड़क के बीच आकर खड़े होने वाले गाय और सांडों से टकराने का खतरा बना रहता है। कई सड़क हादसे पहले ही हो चुके हैं जिसमें चालक और पशु दोनों घायल हुए हैं।



### शासन ने उपायों की बिंदुवार दी जानकारी

इस समस्या पर मुख्य सचिव ने अपने शपथपत्र में कोर्ट के निर्देशों के बाद उठाए गए कदमों की जानकारी दी है। इसमें

- ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में संयुक्त निगरानी दल गठित करना
- 2000 से अधिक मवेशियों पर रेडियम पट्टी लगाना
- पशुपालन विभाग के साथ मिलकर नसबंदी और कान टैगिंग अभियान चलाना
- सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के लिए आश्रय स्थल स्थापित करना
- उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान और चिह्नांकन करना
- राजमार्गों के किनारे के गांवों में जागरूकता अभियान चलाना
- आवारा मवेशियों के दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए जोगीपुर में 205.10 एकड़ का गौ अभयारण्य प्रस्तावित करना
- लापरवाह पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना

### रात में खतरा ज्यादा, दुर्घटनाएं भी अधिक हुईं

शहर के निवासी संतोष जायसवाल ने बताया कि रात में सड़क पर मवेशियों को पहचानना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना दोगुनी हो जाती है. उन्होंने कहा कि वे खुद कई बार दुर्घटनाओं से बाल-बाल बचे हैं। इसी तरह आकाश कुमार ने कहा कि हर बार हाईकोर्ट आदेश देती है, तब प्रशासन हरकत में आता है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति हो जाती है. उन्होंने बताया कि पहले पशुपालकों पर एफआईआर की कार्रवाई होती थी, लेकिन अब वह भी ठप हो चुकी है।

### कई इलाकों में गंभीर स्थिति

शहर के इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड रोड, उसलापुर, कोनी रोड, गांधी चौक, सरकंडा और यहां तक कि कलेक्ट्रेट के आसपास भी मवेशियों की मौजूदगी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि अब यह स्थिति सामान्य नहीं बल्कि खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। लोगों का कहना है कि आवारा मवेशियों की समस्या अब केवल प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का अहम विषय बन चुकी है। नागरिकों का मानना है कि शासन-प्रशासन को एक ऐसी स्थायी व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिससे सड़कों पर इंसान और पशु दोनों सुरक्षित रह सकें।



# एवीएम के कैडेट्स ने जाना पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए "जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा उन्हें पृथ्वी के बढ़ते तापमान, ग्लेशियरों के पिघलने और समुद्र के बढ़ते जलस्तर जैसी वैश्विक समस्याओं के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन जेम्स डी. बिशप थे। उन्होंने अपने संबोधन में कैडेट्स को जलवायु परिवर्तन की गंभीरता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1880 के बाद से पृथ्वी के औसत तापमान में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह वृद्धि मानव गतिविधियों के कारण हो रही है, जिनमें अत्यधिक औद्योगिकीकरण, वनों की कटाई और प्रदूषण प्रमुख हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के पैटर्न में बदलाव, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं। कैप्टन बिशप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल का संरक्षण करने, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का अनुरोध किया। वक्ताओं ने बताया कि प्रकृति मानव जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि "पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज की युवा पीढ़ी यदि इस दिशा में संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी तो निश्चित रूप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।" विद्यालय के डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी ने कहा कि कैडेट्स को चाहिए कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाएँ। विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कहा कि "विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना अत्यंत आवश्यक है।

## महिला दिवस पर भक्ति का अनूठा संगम देखने मिला



**बिलासपुर।** गहोई वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा 15 मार्च को महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति का सम्मान करते हुए महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति मोर, सुलेखा बरसैंया एवं रीता बरसैंया ने डॉ. मीरा पहारिया को उनकी पुस्तक 'प्रधानमंत्री जन धन योजना- वित्तीय समावेशन की ओर बढ़ता एक कदम' के सफल प्रकाशन करने सम्मानित किया। ज्योति मोर, रीता बरसैंया, अनीता पहारिया तथा मीरा पहारिया ने अपने विचार व्यक्त किए। महिला मंडल उपाध्यक्ष रश्मि बिलैया एवं पारुल नीखरा ने कविता पाठ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में फागुन की मस्ती और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। सरोज नौगरिया, शांति महतेले, शील महतेले, राखी सेठ और कल्पना रेजा ने सुमधुर गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नीलू कुचिया और कविता ददरया द्वारा प्रस्तुत 'राधा-कृष्ण नृत्य' रहा, जिसने उपस्थित सभी जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर 'फूलों की होली' खेली और सामूहिक नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम में पूजा बिलैया, सरिता कनकने द्वारा आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## रासेयो युवाओं को जागरूक करने का सशक्त माध्यम



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जमुना प्रसाद महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें रासेयो से जुड़े समस्त जिला संगठकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निराला प्राचार्य, डॉ राजकुमार सचदेवा, डॉ मंजू माधुरी वाजपेयी, कांति अंचल जिला संगठक, एम.एम. गुल्ला, मुकुंद शर्मा तथा सहोरिक यादव नायब तहसीलदार की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जो समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में रेखा गुल्ला, डॉ. मनोज कुमार सिंह, पूरन सिंह ठाकुर एवं यूपेश कुमार , शत्रुघ्न घृतलहरे आदि का सहयोग रहा।

## सेमिनार में साइबर ठगी से बचने किया जागरूक



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने एक सेमिनार का आयोजन किया। इसमें साइबर ठगी को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि वर्तमान में आम जनता को साइबर ठगी एकदम सक्रिय हैं। इनसे बचने सावधान रहने की जरूरत है।

सेमिनार में डीएसपी रश्मित कौर, एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह, आरक्षक नूपुर उपाध्याय एवं तरूलता सहित अन्य न्यूज चैनल के प्रभारियों ने कई साइबर ठगी के मामले को सामने रखा एवं इनसे बचाव के उपाय बताएं। पुलिस कर्मियों ने इस बात की जानकारी दी कि साइबर ठग आम जनता को गुमराह कर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने इस तरह के नुकसान से बचने के उपाय बता कर सचेत रहने को कहा। कार्यक्रम की रूपरेखा सचिव अर्चना तिवारी ने अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा के मार्गदर्शन में बनाई। इस मौके पर क्लब सदस्यों में सुधा परिहार, हंसा सेलारका, मंगला देवरस, मंजू मिश्रा, रत्ना खरे, साधना दुबे, सावित्री जायसवाल, शोभा चाहिल, अंबुज पांडेय, गायत्री कश्यप, रेखा गुल्ला, सीता तिवारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में लगभग 30 महिलाएं शामिल रहीं।

**रेलवे ने सामाजिक संगठनों से किया अनुरोध**

# मटके का पानी पी सकेंगे स्टेशन और ट्रेन के यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन और ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अब मटके का ठंडा पानी पी सकेंगे। इस सुविधा को देने के लिए रेल प्रशासन ने सामाजिक संगठनों से अनुरोध किया है, ताकि संगठनों की ओर से स्टेशन प्लेटफार्म में मटके के साथ पानी उपलब्ध कराई जा सके।

मार्च माह में ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। एसी कोच को छोड़कर स्लीपर और जनरल कोच के यात्रियों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी के दौरान कोच के ऊपर का हिस्सा गरम होने के कारण सफर करना मुश्किल हो गया है। बीच सफर के दौरान यात्रियों को पानी की



आवश्यकता होने लगी है, जिसके कारण यात्री दो से चार पानी की बोतल अपने साथ लेकर सफर करने लगे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने लंबी दूरी की ट्रेनों में पेंट्रीकार के अलग कोच के अलावा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर वाटर कूलर सहित पेयजल की उपलब्धता दी है। वहीं स्टॉलों में भी पानी की बोतल यात्रियों को 15 रुपए में बेची जाती है। अब रेल यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयल उपलब्ध कराने बिलासपुर रेल मंडल एक सराहनीय पहल कर रही है। मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशन पर सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थानों और वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से निःशुल्क प्याऊ स्थापित किए जाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### प्याऊ खोलने किया जा रहा प्रोत्साहित

मंडल रेल प्रशासन गर्मी के मौसम में यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने निरंतर प्रयासरत है। स्टेशन पर पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी संस्थानों और अन्य संगठनों को भी निःशुल्क प्याऊ खोलने प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# प्रदेश शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह



**बिलासपुर।** प्रदेश शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि व्यायाम शिक्षकों का स्कूल मे अपना एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। खेल ही नही अपितु अनुशासन एवं अन्य गतिविधियों में भी उनकी भूमिका होती है। विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शारीरिक शिक्षा का विषय भी केन्द्र सरकार के न्यू ऐजुकेशन पॉलिसी मे स्थान दिया दिया गया है। कार्यक्रम मे जिला भाजपाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर एवं बिलासपुर ओलिंपिक समिति अध्यक्ष पंकज तिवारी, संघ के सरंक्षक सुशील मिश्रा, संभागीय कार्यालय से जीडी गर्ग की उपस्थिति मे शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों शपथ दिलाई गई। इसमें विधायक ने अध्यक्ष रितेश सिंह, सचिव मृत्युंजय शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, कोषाध्यक्ष सनत केलेलकर, सह सचिव दिनेश वर्गीस, कार्यकारिणी सदस्य डोरिस वात्सल्य, इसहाक तिर्की को पद एवं संगठन के प्रति निष्ठा एवं संगठन के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाया। बैठक में छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के विस्तार की भी घोषणा कर प्रदेश पहिकारियों की मनोनयन किया गया।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255








हिंदू नववर्ष 2083 की शुरुआत हिंदू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होगी। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसे हिंदू नववर्ष का पहला दिन माना जाता है। इसी दिन से पूरे साल का फल और उसके प्रभाव का आंकलन भी किया जाता है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होने जा रही है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होगी। इसी दिन सुबह 6:52 से 7:43 बजे तक घरों और मंदिरों में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12.53 तक भी श्रद्धालु घट स्थापना कर सकते हैं। इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और गुरुवार का संयोग रहेगा।

# उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में 19 से हिंदू संवत्सरी 2083 नववर्ष की शुरुआत, गुरु और मंगल होंगे सर्वाधिक प्रभावकारी

### नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी

ज्योतिषाचार्यों ने बताया की विक्रम संवत 2083 को रौद्र नाम दिया है। ऐसे हर नए साल का एक अलग नाम होता है। जिससे उस वर्ष के स्वभाव और संभावित घटनाओं का अंदाजा लगाया जाता है। इस बार नए साल की शुरुआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में होगी और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा। इन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को ज्योतिष में काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इन्हीं के आधार पर साल भर के प्रभाव का आकंलन किया जाता है। रौद्र शब्द का मतलब उवा या तेज स्वभाव से जुड़ा होता है। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पूरे साल के दौरान प्रकृति, समाज और राजनीति से जुड़े मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं।

### 13 माह का रहेगा वर्ष

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर रौद्र नव सवंत्सर का आरंभ होगा। इस बार ज्येष्ठ अधिकमास होने से हिंदू नववर्ष 12 की बजाय 13 माह का रहेगा। संवत्सर का आरंभ गुरुवार के दिन होने से वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति रहेंगे। धरतीपुत्र मंगल मंत्री होंगे। नया साल में वैश्विक तनाव, विश्व युद्ध, महंगाई तथा जनता के गुस्से से विश्व में सत्ता परिवर्तन के योग बन रहे हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा से हिन्दू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। इस बार 19 मार्च गुरुवार के दिन रौद्र संवत्सर विक्रम संवत 2083 की शुरुआत होगी। नए साल का तीसरा माह ज्येष्ठ अधिकमास अर्थात पुरुषोत्तम मास होने से नया साल 12 की बजाया तेरह महीने का रहेगा।

### मंदिरों में चल रहा रंग-रोगन

नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही जय माता के जयघोष सुनाई देने लगेंगे। प्रातःकाल से से ही माता को जल अर्पित और पूजन का दौर शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर मंदिरो में तैयारियां जोरों पर प्रारंभ हो गई है। रंग रोगन करने के साथ ही रंगीन रोशनी से सजाया जा रहा है। मंदिरों में सजावट होने के साथ ही जवारे रखे जाएंगे। वही मनोकामना कलश की स्थापना भी की जाएगी। मंदिरों में महिला पुरुषों श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग दर्शनों की व्यवस्था बनाई जा रही है। वही श्रद्धालुओं का नौ दिन का उपवास भी प्रारंभ हो जाएगा। वही मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहंगे, नौ दिन तक चलने वाले इस पूजन में दुर्गा माता के भजन सुनाई देने लगेंगे। प्रातःकाल होते ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो जाएगा।

### कृतिका नक्षत्र में पूजा-अर्चना शुभ

ज्योतिषाचार्य के अनुसार नवरात्रि के दौरान पंचमी तिथि 22 मार्च की शाम से प्रारंभ होकर 23 मार्च को पूरे दिन रहेगी। इस दिन माता रानी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। पंचमी के दिन कृतिका नक्षत्र और सोमवार का योग रहेगा, जिसे पूजा-अर्चना के लिए शुभ माना गया है। वहीं अष्टमी तिथि 25 मार्च को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन 26 मार्च की सुबह 11.48 बजे समाप्त होगी। इस अवसर पर भक्तगण हवन-पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन करते हैं। मान्यता के अनुसार छोटी कन्याओं को देवी के स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। अष्टमी के दिन आर्दा नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। हिंदू विक्रम संवत 2083 साल 2026 की शुरुआत 19 से होगी। इस दिन गुरुवार पड़ रहा है, इसलिए इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। ज्योतिषों के नियमानुसार जिस वार से साल शुरू होता है, उसी वार का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है। वहीं इस साल के मंत्री मंगल ग्रह होंगे। इसलिए इस संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है।

आयोजन

## नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्पेशल केयर के बच्चों ने उठाया लाभ




**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर में विशेष बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 35 विशेष बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ उषा द्वारा बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई, वहीं डॉ गौरी शंकर साहू एवं डॉ भूमिका साहू द्वारा बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका डॉक्टर सुजाता वाजपेई बताया कि विशेष बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने डॉ पंकज स्वागत किया ,इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में संस्था की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ विजयश्री, सैमुअल मैडम,स्पीच थैरेपिस्ट चंचल शर्मा, मैडम स्पेशल एज्युकेटर उमेश नवरंगसर, आरती साहू मैडम, नीमा मानेश्वर मैडम, पद्मा शिवणकर मैडम, ज्योति मैडम एवं वर्षा कोरी मैडम का विशेष सहयोग रहा।

समारोह

## मूल्य आधारित शिक्षा ही समाज में ला सकती है सकारात्मक परिवर्तन : टाह



**बिलासपुर।** इस्कॉन बिलासपुर ने महाराष्ट्र मंडल पारिजात कालोनी में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इसमें वैल्यू एजुकेशन कॉन्टेस्ट बिलासपुर क्षेत्र के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल टाह सामाजिक कार्यकर्ता, कृष्ण मूर्ति बांधी पूर्व विधायक थे। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया और अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आध्यात्मिक शिक्षा के महत्व को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। इसके बाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस्कॉन बिलासपुर के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक तथा इस्कॉन के भक्तगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## जीएसटी ट्रिब्यूनल एवं नए आयकर अधिनियम पर सेमिनार




**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा द्वारा होटल में जीएसटी,इनकम टैक्स एक्ट का विश्लेषण का एक पूर्ण दिवस सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं कर पेशेवरों को जीएसटी ट्रिब्यूनल की प्रक्रियाओं, विधिक पहलुओं तथा नए आयकर अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने व्यावसायिक कार्यों में अद्यतन ज्ञान का उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित वक्ता सीए साक्षी गोपाल अग्रवाल,सीए भावेश मित्तल,एडवोकेट अलंकार सिंह ठाकुर द्वारा विषयों पर गहन व्याख्यान दिया गया। वक्ताओं ने कार्यप्रणाली, अपील प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों, तथा नए आयकर अधिनियम के प्रमुख बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईसीएआई बिलासपुर शाखा अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पांडेय ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शाखा भविष्य में भी सदस्यों के लिए ऐसे समसामयिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

धर्म-क्षेत्र

## शिरडी वाले साईं बाबा की मूल चरण पादुका कल आएगी

**बिलासपुर।** शिरडी वाले साईं बाबा की मूल चरण पादुका शिरडी से 18 मार्च को रात्रि 7 बजे बिलासपुर आ रही है, लालखदान से शहर के मुख्य मार्ग तोरवा चौक, दयालबंद चौक, गांधी चौक, सिटी कोतवाली चौक, गोलबाजार,सदर बाजार, देवकीनंदन दीक्षित चौक, नेहरू चौक, मुंगेली नाका चौक,मंगला चौक होते हुए उस्लापुर रेलवे स्टेशन के पास




अल्का एवेन्यू कालोनी तक जाएगी। चौराहे पर साईं बाबा की मूल चरण पादुका का भव्य स्वागत आरती, पूजा की जाएगी,19 मार्च को सुबह 9 बजे श्री साईं बाबा की मूल पादुका की शोभायात्रा अल्का एवेन्यू कालोनी उस्लापुर में निकाली जाएगी एवं भक्तों के दर्शनार्थ रात्रि 10 बजे तक रहेगी। दोपहर 12 बजे मध्यान आरती एवं सायं 6 बजे धूप आरती भक्तों द्वारा होगी,पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि तैयारी हेतु बैठक चल रही है अंतिम एवं आवश्यक बैठक 17 मार्च को सायं 5 बजे आहुत की गई है।

## नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों से मन मोहा




**बिलासपुर।** सेक्रो मंडल रेलवे के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव सक्रिय रूप से कार्यरत रहा है। इसके साथ ही सेक्रो मंडल समय-समय पर भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंडल सेक्रो द्वारा मंडल की महिला कर्मचारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से रेलवे ऑडिटोरियम में सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडल सेक्रो अध्यक्षा रीता श्रीवास्तव रहीं। महिला कर्मचारियों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया। इस दौरान अग्रज नाटक दल द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेश पर आधारित नाटक "ए नोट टू सुसाइड" को उपस्थित दर्शकों ने अत्यंत सराहा, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों का भरपूर मनोरंजन करते हुए उनका उत्साह भी बढ़ाया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं मंडल सेक्रो अध्यक्षा रीता श्रीवास्तव ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं अपनी प्रतिभा,साहस और समर्पण के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रेरणादायी और साहसी महिलाओं की उपलब्धियों तथा आपके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन कुछ शब्दों में करना संभव नहीं है।

## संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाने लिया संकल्प




**बिलासपुर।** अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर के सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार को जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। गठन के बाद सभी सदस्यों ने मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूर्वाध्यक्ष, संरक्षिका समिति की सदस्य एवं शशि अमर अग्रवाल मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने अपना कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता केजरीवाल को सौंपा। निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और नई टीम को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद महिलाओं ने पंक्चुअल्टी, लकी गेम एवं हॉऊजी का आनंद लिया। अध्यक्ष श्रीमती केजरीवाल ने अपनी टीम का परिचय देते हुए सचिव प्रियंका अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु बगड़िया, वंदना जाजोदिया सहित पूरी कार्यकारिणी का स्वागत किया। एक विशेष सत्र में संरक्षिका समिति और पूर्व अध्यक्षों ने नई कार्यकारिणी सदस्यों को 'बैच' पहनाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए सम्मानित किया और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने समिति को सुचारू रूप से चलाने आवश्यक नियमों और अनुशासन की जानकारी दी तथा नई कार्यकारिणी को पूरे उत्साह के साथ समाज सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**अग्रवाल महिला समिति की नई कार्यकारिणी गठित**

## शुद्ध वातावरण उत्तम स्वास्थ्य की अचूक दवा

**बिलासपुर।** परस्पर मेलजोल, आपसी सद्भाव, पर्यावरण चेतना, शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से पंजाबी समाज के लोगों ने रविवार को रतनपुर क्षेत्र के खूंटाघाट जलाशय में पिकनिक मनाई। इस दौरान पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने कहा कि शुद्ध, प्राकृतिक वातावरण उत्तम स्वास्थ्य की अचूक दवा है।

पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था के इस अनूठे संयुक्त आयोजन में संस्था के 60 से भी अधिक महिला-पुरुष सदस्यों व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने कहा कि शहर से दूर ग्रामीण इलाके में खूंटाघाट डैम और उसके आसपास का शुद्ध वातावरण हमारे मन-मस्तिष्क के लिए संजीवनी का काम करता है। ऐसा वातावरण उत्तम स्वास्थ्य की अचूक दवा है जो हमें सदैव तरोताजा रखती है। उन्होंने कहा कि विशाल जलाशय में आसमान का मनमोहक प्रतिबिंब, आसपास का शांत माहौल व सुरम्य दृश्य पर्यटकों को सहज ही आकर्षित करते हैं। कार्यक्रम में अशोक ऋषि, रमा, हेमचंद ऐरी, सौरभ कोहली, अनुज त्रिहान, गौरव ऐरी, अतुल दुआ, सुलभ अरोरा, राकेश वर्मा, अशोक सवन्नी, राजेश दुआ, अतुल तनेजा, रजनी ऋषि, सोनल सलूजा, चानी ऐरी, छाया ठकराल, सुदेशना वर्मा, विपला भाटिया, हर्षबाला सग्गर, आरती कोचर, सरिता सलूजा, हरप्रीत अरोरा, सोया गंभीर, कमला डोडी, संगीता सानन, कमलेश कोचर, ज्योति भसीन, निधि सोबती, नीरू राजपाल, नीति त्रैहान, अमृता सलूजा, ज्योति दुआ, आंचल कोहली, चांदनी दुआ, जसविन्दर आनंद, शिखा सलूजा, पिंकी सलूजा, चंदा अरोरा मौजूद थे।



**हुए खेलकूद व गीत-संगीत :** यात्रा के दौरान विभिन्न खेलकूद व गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया। इसमें सभी सदस्यों ने भरपूर मनोरंजन किया और स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की नव-निर्वाचित अध्यक्ष रमा ऐरी ने कहा कि इस पिकनिक प्रोग्राम ने महिला सदस्यों में असीम उत्साह और नई उमंग का संचार किया है। निश्चित ही इससे नए संकल्पों के साथ पंजाबी समाज के उत्तरोतर विकास को नई दिशा मिलेगी।

## विद्यार्थियों को सिखाए गए प्रभावी संवाद

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लास रूम नांदी फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सॉफ्ट स्किल्स और कम्युनिकेशन विद्यार्थियों को प्रभावी संवाद शैली, बॉडी लैंग्वेज और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नांदी फाउंडेशन के प्रशिक्षक के. किशोर ने बताया कि सत्रों का मुख्य केंद्र विद्यार्थियों के सॉफ्ट स्किल्स, एम्प्लॉयबिलिटी (रोजगार क्षमता) और व्यक्तित्व विकास पर रहा। मॉक इंटरव्यू के माध्यम से छात्रों को साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों और उनके सटीक उत्तर देने का अभ्यास कराया गया। सामूहिक चर्चा में प्रभावी भागीदारी और तार्किक कौशल विकसित करने विशेष सत्र आयोजित किए गए। जीवन कौशल के तहत टीम वर्क, समय प्रबंधन और व्यावसायिक शिष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। पांचवें दिवस सत्र के समापन समारोह में प्रो. एलके. गवेल, क्रीड़ाधिकारी ज्योति यादव सहित अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण शिविर के संचालन में महाविद्यालय की कौशल विकास समिति के संयोजक डॉ राजकुमार सचदेव, प्रो. बृजकिशोर त्रिपाठी, प्रो. प्रकाश त्रिपाठी, डॉ रामेश्वरी बंजारा, प्रो. सिद्धांत शर्मा, प्रो. श्वेता श्रीवास, डॉ अविनाश ठाकुर, डॉ प्रेमलता सिंग, प्रो. मानसी शर्मा, प्रो. श्रावणी शर्मा, प्रो. सौरभ गौरहा का योगदान रहा।



**कौशल को लेकर युवा हैं सजग :** प्राचार्य प्रो. यूके. श्रीवास्तव ने आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। महिंद्रा प्राइड क्लास रूम जैसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को वह व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है, जो उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने में सहायक होगा। 60 छात्राओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि युवा अपने कौशल को लेकर सजग हैं। नांदी फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने विद्यार्थियों की सीखने की ललक और अनुशासन की सराहना की।

कार्नर न्यूज

## 'विज्ञानोवा' का आगाज़, आनंद मेला, ओपन माइक ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय ई राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय साइंस फेस्ट विज्ञानोवा का शुभारंभ सोमवार को हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर उपस्थित प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई जिसमें प्राचार्य डॉ डीपी साहू, प्रोफेसर डॉ ए के साव, डॉ उषा तिवारी, डॉ शशिकांत राठौर और अतिथि डॉ प्रियदर्श शामिल रहें। जिसके बाद सभी ने विद्यार्थियों को ज्ञान, विज्ञान और नवाचार के प्रति प्रेरित करते हुए संक्षिप्त संबोधन दिया। भौतिकी विभाग की फिजिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस फेस्ट के पहले दिन परिसर में आनंद मेला, साइंस से जुड़े रोचक खेल, फूड स्टॉल और ओपन माइक जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल और गेम स्टॉल में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद उठाया। ओपन माइक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कविताएँ, शायरी, गीत, नृत्य और स्टैंड-अप कॉमेडी प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं विज्ञान से संबंधित खेलों और प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई विद्यार्थियों ने आकर्षक पुरस्कार भी जीते। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और उनका उत्साह बढ़ाया।




### तीन दिनों तक चलेगा फेस्ट

आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उनकी प्रतिभा और नवाचार क्षमता को मंच प्रदान करना है। तीन दिवसीय इस साइंस फेस्ट का आयोजन 16, 17 और 18 मार्च तक किया जाएगा। पहले दिन कार्यक्रम की सफल शुरुआत के बाद आने वाले दो दिनों में भी विभिन्न साइंस मॉडल प्रतियोगिताएँ, रोचक गतिविधियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### बेलतरा प्रेस क्लब का होली मिलन आज

**बेलतरा।** बेलतरा प्रेस क्लब का होली मिलन का कार्यक्रम खूंटाघाट रेस्ट हाउस में विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, प्रशासनिक अधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहेंगे। बेलतरा प्रेस क्लब का यह दूसरा होली मिलन कार्यक्रम होगा।

### 5वीं, 8वीं की परीक्षा के लिए बनाए गए 1129 केंद्र

**मुंगेली।** कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं जिले में 6 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मुंगेली विकासखंड में कक्षा 5वीं के 6 हजार 222 तथा कक्षा 8वीं के 5 हजार 596 विद्यार्थी परीक्षा देंगे, जबकि लोरमी विकासखंड में कक्षा 5वीं के 6 हजार 361 और कक्षा 8वीं के 5 हजार 540 विद्यार्थी शामिल होंगे। पथरिया ब्लाक में कक्षा 5वीं के 3 हजार 858 तथा कक्षा 8वीं के 3 हजार 681 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पूरे जिले में कक्षा 5वीं के कुल 16 हजार 441 तथा कक्षा 8वीं के 14 हजार 817 विद्यार्थियों सहित कुल 31 हजार 258 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिले में कुल 1129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

### डॉ ब्रास मास्टर एकेडमी का निशुल्क क्रैश कोर्स शुरू

**मुंगेली।** डॉ ब्रास मास्टर एकेडमी द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर जेईई, नीट, बीएससी नर्सिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 45 से 75 दिवसीय निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ अभिभावक रमेश कुमार साहू, संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं प्राचार्य आशा दिवाकर ने भीमराव अम्बेडकर एवं भक्त माता कर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया, तत्पश्चात सामूहिक प्रार्थना की गई। अभिभावक रमेश साहू ने कहा कि, संस्थान की ओर से छात्रों में उच्च स्तर के प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय एवं उसकी परीक्षा की पद्धति के संबंद्ध में समझ विकसित करने का अच्छा प्रयास किया जा रहा है। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि, आवासीय सुविधा के साथ निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराना जिले के लिए एक उपलब्धि है। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्य, संस्था के प्राचार्य श्रीमती आशा दिवाकर तथा कोचिंग टीम के सदस्य, छात्र–छात्राएं, अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## निधन

### गंगोत्री दुबे



**बिलासपुर।** शिवम विहार खमतराई निवासी गंगोत्री दुबे का 16 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च को सुबह 9 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी वे राधेश्याम दुबे की पत्नी, आदित्य कुमार दुबे और आदर्श दुबे की मां थीं।

### श्रीमती विमला गुप्ता



**बिलासपुर।** विवेकानन्दनगर मोपका निवासी, रिटायर्ड एसीसीएल कर्मचारी इन्द्रजीत गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती विमला गुप्ता का 16 मार्च की सुबह निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा मोपका स्थित निवास से 17 मार्च को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रतिमा अग्रवाल, कोरबा में अदानी ग्रुप के मैनेजर अतुल गुप्ता, आशीष गुप्ता की माता थीं।

### अब तक केवल नोटिस जारी किया गया

# धान शार्टेज मामले में किसी संग्रहण केंद्र प्रभारी पर कार्रवाई नहीं

**बिलासपुर।** चार संग्रहण केंद्रों में करीब 11 करोड़ रुपए के धान शार्टेज के मामले में अब तक किसी भी संग्रहण केंद्र प्रभारी पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के नाम पर फिलहाल चारों प्रभारियों को स्पष्टीकरण जारी किया गया था, जिसका जवाब लेकर शासन को भेज दिया गया है, लेकिन अनुशासनात्मक कार्रवाई आज दो महीने बाद भी शून्य है।

मोपका, बिल्हा, भरनीभाठा एवं करगीकला संग्रहण केंद्रों में 4 हजार 5 सौ मीट्रिक टन धान के शार्टेज मामले में दोषी संग्रहण केंद्र प्रभारियों को शायद केवल नोटिस का जवाब देने की सजा सुनाई गई है। यही कारण है कि संबंधितों द्वारा नोटिस का जवाब देते ही मामला खत्म नजर आ रहा है। ऐसा भी संभव है कि इस मामले में उच्च स्तर पर अभी विचार विमर्श चल रहा हो कि 11 करोड़ के नुकसान के लिए किसे दोषी ठहराया जाए? यह भी संभव है कि उस दौरान संग्रहण केंद्रों में ऐसी परिस्थितियों का आना बता दिया जाए, जिससे धान का शार्टेज आना सामान्य सी बात लगने लगे। जिले के चार संग्रहण केंद्रों में बिल्हा में 1604 मीट्रिक टन धान का उठाव शेष था, जबकि वहां उठाव के लायक केवल 140 मीट्रिक टन धान ही शेष पाया गया। जिले में सारे संग्रहण केंद्रों में बिल्हा में ही सर्वाधिक 1464 मीट्रिक टन धान का शार्टेज पाया गया है। सूत्रों के अनुसार सारे संग्रहण केंद्रों में प्रभारी पुराने ही पदस्थ हैं।

#### तेरह वर्षों तक सड़ता रहा धान

विपणन विभाग के अनुसार संग्रहण केंद्रों में वर्ष 2011-12 तक के धान भी डंप थे, जिनका उठाव नहीं हो सका था। इस दौरान धान के बोरे लगातार बारह से तेरह वर्षों तक धूप व बारिश में पड़े रहे। हालांकि यह जानकारी विपणन विभाग की ओर से दी जा रही है, लेकिन धान के शार्टेज होने के पीछे असली कारण क्या है यह तो विस्तृत जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

#### प्रभारियों को नोटिस जारी किया

शार्टेज को लेकर संबंधित चारों संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था। उनके द्वारा अपने-अपने जवाब प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जिन्हें अगली कार्रवाई हेतु शासन को भेजा जा चुका है। दोषियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का मामला अब शासन स्तर का है।

उपेंद्र कुमार, डीएमओ



## हिर्री में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम हिर्री में भक्त माता कर्मा जयंती पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास से मनाई गई।

कार्यक्रम में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष कांति कुमार साहू मुख्य आतिथ्य तथा केंद्राध्यक्ष किरारी यादवेंद्र साहू अध्यक्षता में हुआ। अध्यक्ष कांति कुमार साहू ने भक्त शिरोमणि कर्मा माता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा माता कर्मा त्याग तप और आस्था की प्रत्यक्ष मूर्ति कृष्ण भक्ति में समर्पित थी। यादवेंद्र साहू के कहा कि भक्त माता कर्मा को साहू समाज द्वारा ईष्ट देव के रूप में पूजे जाते है। उनके विचार हमारे जीवन के लिये अनुकरणीय है। गांव के वरिष्ठ नागरिक सेवा निवृत्त निर्वाचन पर्यवेक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि पूरे दुनिया के लिए नारी शक्ति, समर्पण और भक्ति की प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान साहू संघ ग्राम इकाई हिर्री के अध्यक्ष हीरालाल साहू मस्तूरी ग्राम इकाई अध्यक्ष जगदीश साहू शिक्षक, ग्राम हिर्री के सरपंच प्रतिनिधि गुलाब साहू, अश्वनी साहू , खोभ राम साहू, ने भी कर्मा माता के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मकुंद राम साहू, रमेश साहू, देवनारायण साहू, बाबूलाल साहू, धनुवा साहू, राम अवतार साहू ,रामनारायण साहू, हर प्रसाद साहू सहित ग्रामीण महिलाएं, बच्चे उपस्थित थे।

## नवरात्र की व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी स्थिति महामाया देवी मंदिर में 19 से 27 मार्च तक्र वासंती चैत्र नवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व के लिए मंदिर ट्रस्ट अपनी तैयारी में पूरी तत्परता के साथ जुट गई है। पर्व को लेकर महामाया मंदिर कार्यालय में एक प्रशासनिक बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आईएएस अरविंथ कुमारन एवं एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, कोटा एसडीएम नितीन तिवारी रतनपुर थाना प्रभारी आईपीएस अंकिताजैन उपस्थित थे। विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारियों को नवरात्रि पर्व के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, व पुलिस विभाग नगर पालिका आदि उपस्थित रहे। जहां संबंधित विभागों को अपने अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व नवरात्र पर्व के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा प्रशासनिक स्टाल भी लगाए जाने की बात कही गई जिसमें मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आने वाले दर्शनार्थियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मंदिर ट्रस्ट ने अपनी कमर कस ली है और तैयारियां जोरों पर है इस बार नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए चौक चौराहा पर कैमरे लगाने एवं ट्रैफिक व्यवस्था एवं आदतन अपराधियों एवं नशेड़ियों के खिलाफ कारवाई के निर्देश दिए, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।



## अघरिया समाज के सम्मेलन में हुई मुद्दों पर चर्चा

**मस्तूरी।** अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन रविवार को जयरामनगर स्थित अघरिया समाज के सामुदायिक भवन में किया गया था। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिपं राजेश सूर्यवंशी, अति विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश सुर्या प्रदेश महामंत्री (अ.जा) एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि बिलासपुर, दामोदर कांत सदस्य जिला पंचायत, तारेश्वरी नायक सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़, शशि पटेल सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़, सीता पटेल सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़, अध्यक्ष कुशल प्रसाद पटेल समस्त कार्यकारिणी अखिल भारतीय समाज बिलासपुर ग्रामीण एवं समस्त सदस्य केंद्रीय समिति समस्त परीक्षेत्रीय अध्यक्ष ग्राम प्रमुख संरक्षक सदस्य मचंस्थ रहे। चंद्र प्रकाश सुर्या द्वारा नवागांव में शौचालय निर्माण व जिपं अध्यक्ष राजेश्वर सूर्यवंशी ने सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने संबोधित किया। इस अवसर पर जागेंद्र कश्यप, श्यामलाल पटेल, भास्कर पटेल, परदेसी जगत, विनोद शर्मा, रामपाल पटेल, हर्ष केडिया, हिरेंद्र पटेल, समाज प्रमुख जनों में सतीराम पटेल परमेश्वर पटेल, बृजमोहन पटेल, तीरिथ पटेल, मुरलीधर पटेल, गोपीनाथ पटेल, रामप्रसाद पटेल, संजय पटेल, प्रतीक पटेल सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## दीप प्रज्जवलित कर की गई माता की आरती



**जरहागांव।** नगर में साहू संघ के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने दीपक प्रज्वलित कर आरती की।

तहसील साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष सरक्षक रामचंद्र साहू के द्वारा माता कर्मा के जीवन भक्ति मार्ग के बारे में जानकारी दी गई। संघ के संरक्षक पिरिथ राम साहू और जरहागांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष हरिराम साहू ने कहा कि साहू समाज को एकता में रह कर बड़े से बड़े काम को सरलता से किया जा सकता है। समाज में संगठित रह कर निरन्तर भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा के साथ जयंती मनाने की भावनाएं व्यक्त की गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव खुजीराम साहू सहित संघ की कार्यकारिणी, पदाधिकारी एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही।

## स्कूटी सवार मां-बेटी आई हाइवा के चपेट में पार्षद की पत्नी गम्भीर रूप से घायल

**लोरमी।** कोटा-पंडरिया मुख्य मार्ग में मनियारी नदी बड़े पुल के पास हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी में सवार बेटी और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। हादसा इतना भीषण था कि आसपड़ोस के लोग सहम गए। पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार रविवार को देरशाम कोटा-पंडरिया मुख्य मार्ग में मनियारी नदी बड़े पुल के पास वार्ड पार्षद सोहन डडसेना की पत्नी मंजू डड़सेना और उनकी बेटी खुशी डड़सेना स्कूटी से सब्जी खरीदने गई थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा सीजी 8 एबी 6491 के चालक ने पीछे से उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मंजू डड़सेना गंभीर रूप से घायल हो गईं। महिला को गम्भीर रूप से चोट आई। दोनो घायलों को आस पड़ोस के लोग निजी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के लिए लेकर गए, जहां से गंभीर रूप से घायल महिला मंजू डड़सेना को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया। जिनका उपचार चल रहा हैं। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ब्राह्मण समाज ने लिया मृत्यु पर कफन की जगह सहयोग राशि दिए जाने का निर्णय



**मल्हार।** ब्राह्मण समाज की चौथी विशेष बैठक रविवार को गणेश राजू तिवारी के निवास में आयोजित की गई। जिसमे सामाजिक तौर पर कई विशेष निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम के छाया चित्र पर विधि-विधान से पूजन और माल्यार्पण किया गया।

बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनो की सलाह पर सामाजिक सुधार, परंपरावादी रीति रिवाजों को बदलकर समय अनुरूप व्यावहारिक कदम उठाने के निर्णय लिए गए, जिसमें समाज के किसी की अंत्येष्टि के समय कफन कपड़े ले जाने के बजाए आर्थिक सहयोग राशि देने का निर्णय लिया गया। समाज की लड़कियों की शादी में सहयोग के लिए वैवाहिक खर्च में सामूहिक सहायता करना, समाज में युवक युवतियों कि बायोडाटा जानकारी समाज के ग्रुप में प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार समाज के हित के लिए प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई जिसके लिए आगामी बैठक में पूरा करने का निर्णय लिया गया।

समाज की अगली बैठक 29 मार्च रविवार को सोनू तिवारी के निवास में होगी जिसमें आगामी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाने व अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर पर रविशंकर तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, शिव अवस्थी, अशोक शर्मा, दिलीप पांडेय, राजकिशोर पांडेय, संजीव पांडेय, अश्वनी तिवारी, सनत पांडेय, जागेश्वर अवस्थी, सुरेंद्र शर्मा, हेमन्त तिवारी, सुरेश अवस्थी, ननका पांडेय सहित बड़ी संख्या समाज के लोग उपस्थित थे।

## नवधा रामायण में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**मोपका।** ग्राम भरारी में सूर्यवंशी समाज की ओर से 9 से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 18 मार्च को सहस्त्रधारा के साथ होगा। इस मानस यज्ञ में कथा का रसपान करने प्रतिदिन रामायण प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के छठवें एवं सातवें दिन मानस गान टोलियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां हर टोली को 20 से 25 मिनट का समय दिया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक भजन वाह प्रवचन का टीका लगाया गया एवं श्रद्धालु भक्ति भाव से रामायण के सागर में में गोता लगाते रहे। आयोजन ते छठवें दिन सूर्यवंशी समाज के पूर्व महासचिव साखन दर्वे कथा में शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने रामायण को एक अच्छा ग्रन्थ बताते हुए सभी से सत्य की राह पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामायण समिति ने दर्वे को सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने समिति के अध्यक्ष मूर्ति लाल कौशिक, उपाध्यक्ष देवी प्रसाद, कोषाध्यक्ष चुनी लाल, सचिव भार्गव सूर्यवंशी, सह सचिव गंगा टेलर, वही संचालक जनक राम भारती, दीनबंधु कौशिक, धनंजय, रामायण गुरुजी, तथा रविन्द्र सहित महिला समिति गिरिजा बाई, भगवंतीन, आशिन बाई, आंगन बाई, भाग बाई, श्याम बाई, लछन बाई, भाजिहारिन बाई, बोधिन बाई आदि सहयोग दे रहे हैं।

## विधायक लहरिया ने किया 25 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**मस्तूरी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 शहीद चंद्रशेखर आजाद नगर एवं वार्ड क्रमांक 43 बंशीलाल धृतलहरे नगर में क्षेत्र के विकास को निरंतर गति देते हुए शनिवार को सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

यह सभी महत्वपूर्ण विकास कार्य मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया की अनुशंसा एवं विशेष प्रयासों से लगभग 25.00 लाख रुपए की लागत से किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा सड़क निर्माण से आवागमन भी और अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। क्षेत्रवासियों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक दिलीप लहरिया के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, सीताराम रत्नेश विधायक प्रतिनिधि, ब्रह्मदेव सिंह ठाकुर प्रदेश ट्रेनर, लक्ष्मी यादव पार्षद, सूर्यकिशोर राज पार्षद, मनिहार निषाद भूतपूर्व सरपंच, संतोष अग्रवाल, अनीता लवहात्रे पूर्व महिला जिलाध्यक्ष, प्रतिमा सिहारे महिला पूर्व उपाध्यक्ष, मनोज चक्रधारी मंडल अध्यक्ष, खेत्रो महानंद प्रदेश महासचिव खेल प्रकोष्ठ, चित्ररेखा साहू जिला सचिव, आलो सांतरा महिला कांग्रेस, रोहित निर्मलकर, शेष कुमार शर्मा, तिलक नेताम, राजा यादव, अजय यादव सहित वार्ड क्रमांक 42 व 43 के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सहित नगर निगम जोन अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पुरस्कार वितरण व विदाई समारोह



**बेलतरा।** शासकीय हाई स्कूल टेकर में 15 मार्च को कक्षा 10वीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इश अवसर पर टेकर के सरपंच सुरेश वर्मा ने गत वर्ष 2025 में टॉप करने वाले 3 बच्चों को नगद राशि देकर सम्मानित किया। 89 प्रतिशत लाने पर मंदाकिनी कश्यप को प्रथम पुरस्कार 3 हजार नकद, द्वितीय पुरस्कार 87 प्रतिश राधिका को 2 हजार नकद व तृतीय पुरस्कार 82 प्रतिश प्रीति सूर्यवंशी को 1 हजार रुपए नकद दिया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 9वीं व दसवीं के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या नसीम बेगम ने सरपंच द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन राशि देने पर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सुरेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि पंच विनोद कश्यप सहित शाला परिवार के सभी व्याख्याता रेवती शर्मा, अर्जुन लाल सोनवानी, आशा पटेल, राम कुमार कश्यप, अरविन्द गिरि गोसाई व कक्षा नवमीं व दसवीं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अनुकूल वर्मा उम्र 32 वर्ष पिता भूषण लाल वर्मा निवासी- आर 7/6, रामा वैली बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम भूषण लाल वर्मा (Bhushan Lal Verma) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 3. यह कि मेरे पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम भूषण लाल वर्मा (Bhushan Lal Verma) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। 4. यह कि मेरे 10th एवं 12th के रिजल्ट में मेरे पिता का नाम बी. वर्मा (B. Verma) तथा भूषण वर्मा (Bhushan Verma) दर्ज है जिसे सुधार कर भूषण लाल वर्मा (Bhushan Lal Verma) दर्ज किया जावे जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि भूषण लाल वर्मा (Bhushan Lal Verma), बी. वर्मा (B.Verma) तथा भूषण वर्मा (Bhushan Verma) तीनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरे पिता जी का ही नाम है।

शपथकर्ता
अनुकूल वर्मा

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार नारायण प्रसाद साहू, उम्र 70 वर्ष, पिता स्व. श्री ननकी राम साहू निवासी ग्राम भिलाई पोस्ट अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाषित कराता हूं, कृपया आम जनता वित्तीय एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाएं आम सूचना से अवगत होवें कि श्रीमती सुशीला बाई पति श्री गोवर्धन निवासी ग्राम भिलाई पोस्ट अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि जो कि प.ह.नं. 10, ग्राम भिलाई पोस्ट अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. कमशः 826/1, 33/3, 277, 280, 342, 426, 778, 814, 815 रकबा क्रमशः 0.3120, 0.6200, 0.1700, 0.3760, 0.2190, 0.4860, 0.4290, 0.1040, 0.5510 हे. है, जिसे मेरे पक्षकार नारायण प्रसाद साहू के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम राशि प्राप्त कर चुकी है। उपरोक्त भूमियों का निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन कराया जाएगा।

अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय उपरोक्त खसरा रकबा के क्रय विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा सकते है नियत समयावधि पश्चात की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने
स्थानः बिलासपुर
दिनांक : 15/03/26

भवदीय
गजेन्द्र प्रकाश साहू
अधिवक्ता मो. नं 7987507269

### न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.) (पीठासीन अधिकारी-रिया चक्रवर्ती)

व्य.वाद क्र.-539/2016
आदेश दिनांक 21/01/2026
पेशी तारीख-24/03/2026
प्रोसेस क्रमांक- 08
02/03/2026

रामगोपाल वगैरह ....वादीगण

**विरुद्ध**

कृष्ण कुमार (मृत)-श्रीमती सीता देवी वगैरह .....प्रतिवादीगण

1 (क)- श्रीमती सीता देवी उम्र 52 वर्ष पति स्व.श्री कृष्ण कुमार 1 (ग)- श्रीमती आशा प्रधान उम्र 30 वर्ष पिता स्व.श्री कृष्ण कुमार पति श्री सुनील प्रधान 1 (घ)- श्रीमती ज्योति उम्र 30 वर्ष पिता स्व.श्री कृष्ण कुमार पिता श्री नमित दिनकर 1 (ड)- श्रीमती अमरीका लहरें उम्र 28 वर्ष पिता स्व.श्री कृष्ण कुमार पति प्रकाश लहरे 1 (च)- दीपक कुमार उम्र 24 वर्ष पिता स्व.श्री कृष्ण कुमार सभी निवासी-वार्ड क्र.-62, नूतन चौक बंधवापारा सरकंडा, थाना सरकंडा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)....प्रतिवादीगण

आप लोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में वादी के द्वारा व्यवहार वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का व्य.वाद.क्र.-539/2016 का प्रस्तुत किया गया है, जिसकी आगामी पेशी तिथि 24/03/2026 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 24/03/2026 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं/रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात/उपस्थित हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहें जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

इस समंस/नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेगें तो आपके विरुद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये दावा का निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जायेगा। यदि न्यायालय में पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 24/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक - 02/03/2026

(रिया चक्रवर्ती)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

श्रीमती गौतरहीन बाई गोंड .....आवेदिका

// विरुद्ध //

शाखा प्रबंधक वगैरह .....अनावेदकगण

प्रोसेस क्रमांक- 32/2026
उत्तराधिकार प्र.क्र.-15/2026
पेशी ता.- 24/03/2026

**न्यायालयीन नोटिस प्रकाशन**

इस न्यायालय में लंबित सक्सेशन प्रकरण कमांक 15/2026 पक्षकार श्रीमती गौतरहीन बाई गोंड विरुद्ध शाखा प्रबंधक + 01 में आवेदिका के द्वारा इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत मृतिका स्व. श्रीमती अमरिका बाई गोंड पति विश्वनाथ गोंड निवासी-महामायापारा, सरसेनी (उडेला), थाना हिर्री, जिला-बिलासपुर (छ.ग) जिनकी मृत्यु दिनांक 17.11.2025 को सरसेनी जिला बिलासपुर (छ.ग.) मे हो गई है मृतिका के नाम से पंजाब नेशनल बैंक, कलेक्ट्रेट शाखा, बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित बचत खाता संख्या 5181100100028676 राशि 6,510/- रूपये एवं सावधि खाता संख्या 518110RA00050860 में जमा राशि रू 2,50,544/- (दो लाख पचास हजार पाँच सौ चवालीस रुपये) पर परिपक्व राशि व उस पर देय ब्याज को प्राप्त/आहरित करने की विधिक अधिकारिणी होने के आधार पर विधिक उत्तराधिकारी का प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है इस संबंध में उपरोक्त प्रकरण की सुनवाई न्यायालय मे सुनवाई हेतु दिनांक 24/03/2026 की तिथि निर्धारित की गई है।

अतः नोटिस समाचार पत्र के प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को सूचना देते हुये निर्देशित किया जाता है कि सुनवाई तिथि 24/03/2026 को इस न्यायालय में ठीक 11:00 बजे दिन में न्यायालय मे स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यदि सुनवाई तिथि दिनांक **24/03/2026** को किसी कारणवश न्यायालय बंद होने न्यायालयीन अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की अग्रिम सुनवाई नियमित रूप से अगले कार्य दिवस पर की जा सकेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से आज दिनांक 16/3/26 को जारी किया गया।

(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**पक्षकार** :- मोहनलाल कौशिक पिता स्व. द्वारिका प्रसाद कौशिक वगैरह...आवेदकगण

**बनाम**

राजकुमार कौशिक पिता स्व. ज्वाला प्रसाद कौशिक वगै. ......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मोहनलाल कौशिक पिता स्व. द्वारिका प्रसाद कौशिक वगैरह निवासी ग्राम मोहतरा जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला घसियापारा शीट नं.03 प्लाट नं. 138/1 रकबा 1405 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण के पिता द्वारिका प्रसाद एवं अनावेदकगण राजकुमार कौशिक के पिता ज्वाला प्रसाद कौशिक के नाम पर पर दर्ज है। द्वारिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक 27.10.2006 को एवं ज्वाला प्रसाद कौशिक की मृत्यु दिनांक 23.06.2009 को हो चुकी है। आवेदकगण के द्वारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 30/3/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 13/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर छ.ग.

क्रमांक 238/ तकनीकी / क्षे.प.अ./2026
बिलासपुर, दिनांक 13/03/2026

**प्रारूप-37**
[नियम-61(3)]

वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।

रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं- तारीख MR. BANVSALI SURYVANSHI LAKHASAR KATHAKONI BILASPUR (C.G.) को यह सूचित किया जाता है कि AU SMALL FINANCE BANK LTD. वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उस उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसकार जिस्ट्रीकरण सं. CG10BN2172 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि 1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर छ.ग.

### मुख्यालय पटवारी हल्का नंबर 12 रा.नि.मं. बेलगहना तहसील - बिलासपुर (छ.ग.)

दिनांक 02/03/2026

प्रति,

1 किशोरी लाल पिता महावीर 2. बहादुर सिंह पिता गलियाराम 3. दुर्गा सिंह पिता सुरेश बहादुर 4. राजकुमारी पति मनोहर लीलीबाई पति वीरेन्द्र एवं अन्य

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत ।

सन्दर्भ :- न्याया.अ.वि.अ./तहसीलदार/ अति.तहसीलदार/ना.तहसीलदार के ज्ञापन क्र.नं. 180/तहण./2026

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम बेलगहना प.ह.न.12 रा.नि.मं. बेलगहना तहसील बेलगहना जिला-बिलासपुर अंतर्गत आवेदक किशोरी लाल पिता/पति महावीर जाति यादव निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित ग्राम बेलगहना स्थित भूमि. ख.न.-15/7, 71/7, 113/13, 115/3 रकबा क्रमशः 0.220, 0.250, 0.280, 0.080 हे. का सीमांकन/स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार किया जाना है । इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त कागजात लेकर दिनांक 18/03/26 को प्रातः 11 बजे से स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर हल्का पटवारी

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा हरमीत कौर सलूजा पति श्री अनिल कुमार सलूजा निवासी लोरमी जिला मुंगेली के नाम पर मौजा तिफरा प.ह.नं. 23/36 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर के अंतर्गत रामा वर्ल्ड स्थित भूमि का खसरा नंबर 73/45 रकबा 1292 वर्गफुट लेआउट भूमि जिस पर फेस-1 में मकान नंबर सी-37 में 3BHK मकान निर्मित है जिसे खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है जिसकी निकट भविष्य में शीघ्र रजिस्ट्री होना तय है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के उपरांत शीघ्र ही समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- राहुल फतनानी
पिता ओमप्रकाश फतनानी
निवासी 17, वार्ड 10, गुरुनानक वार्ड तिल्दा नेवरा रायपुर
मो. 7869782442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पांचवीं की छात्रा नेहल ने मनवाया प्रतिभा का लोहा



**मल्हार।** इंटर स्कूल बेसबॉल चैंपियनशिप के अंडर-11 वर्ग में अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा पांचवीं की छात्रा नेहल तिवारी ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मल्हार की होनहार बेटी ने पूरी टीम में एकमात्र बेटी खिलाड़ी होते हुए भी उन्होंने अद्भुत साहस, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया। सबसे खास बात यह रही कि फाइनल मुकाबले में अपने बेहतरीन खेल से टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतनी छोटी उम्र में यह उपलब्धि गर्व की बात है। नेहल ने यह साबित कर दिया कि बेटियाँ हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नया इतिहास बना रही हैं। कु नेहल मल्हार के हेमन्त सोनू तिवारी एवं सुभद्रा तिवारी की सुपुत्री हैं।

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने टीकाकरण अभियान



**मुंगेली।** जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल मुंगेली में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरूआत 14 वर्षीय किशोरी प्रीति साहू को एचपीवी वैक्सीन लगाकर की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) का प्रमख कारण होता है और समय पर टीकाकरण से इस बिमारी से बचाव संभव हैं इसलिए अभिभावको से अपील की गई है कि वे अपनी बेटियों को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों तक जरूर लाए। यह टीका अभी 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल मुंगेली के प्रथम तल में सुबह 09.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोमवार से शनिवार तक लगाई जाएगी।

### संगठन सृजन अभियान के तहत गुप्ता ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक




**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत सूरजपुर जिले के प्रभारी बनाए जाने के बाद कांग्रेस नेता मनोज गुप्ता सूरजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में मनोज गुप्ता ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन को और सशक्त बनाने के लिए बूथ और मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। साथ ही जल्द ही प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और आम जनता से रायपुर पहुंचने की अपील भी की। इस अवसर पर पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज साहू सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण




**पेंड्रा।** भारतीय किसान संघ की जीपीएम जिला इकाई द्वारा जिले के चारों तहसीलों के किसानों के उत्थान, जागरूकता एवं संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय आवासीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हरिचंदा भवन में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल होकर कृषि, संगठन और किसान हित से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह ने अपने उद्बोधन में भारतीय किसान संघ की मूल संकल्पना, स्थापना के उद्देश्य और किसानों को संगठित करने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद प्रदेश महामंत्री नवीन शेष ने संगठन की रीति-नीति, कार्य सिद्धांत और किसान हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

### कुछ कहने से बच रहे जिम्मेदार अधिकारी, लोगों में आक्रोश

# अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज से नागरिक परेशान

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा फास्टरपुर सब स्टेशन परिक्षेत्र में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से आम नागरिकों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्याओं की निदान के लिए जिले मुंगेली के संबंधित अधिकारियों से अनेक बार फोन के माध्यम से संपर्क किया, लेकिन आज तक सार्थक पहल नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

हालंकि इस संबंध में बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बचते हुये नजर आ रहे है। किन्तु विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैये से उसकी कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। एक तरफ 33 केही प्लांट में जहां मेंटनेंस के नाम पर दिन में कई घंटे अघोषित बिजली कटौती के हालात शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बने हैं, जो लोगों के साथ किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।



#### कार्यालय से गायब रहते हैं जिम्मेदार

अधिकारी- बता दें कि, फास्टरपुर सेतगंगा सब स्टेशन में कार्यालय कनिष्ठ यंत्री संचालित है, जिसमें लम्बे समय से ताला लटक रहा है। यहां पदस्थ जेई साहू आए दिन मुंगेली विद्युत कार्यालय में समय गुजारते हैं। वहीं पदस्थ बाबू भी कार्य स्थल से नदारद रहते हैं। बिजली बिल सहित छोटी-छोटी समस्याओं के निदान के लिए लोगों को जिला कार्यालय की ओर रूख करना पड़ता है, साथ ही संचालित केन्द्र में लगाए गये सभी उपकरण जर्जर हो गए हैं। लगभग सभी फीडर डायरेक्ट कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती और लोवोल्टेज की समस्या आम बात हो गई है।

#### शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं

मुंगेली जिले के उच्च अधिकारियों को इन समस्याओं के निदान के लिए फोन से अवगत कराने के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पा रही है। ग्रामीण कमल लोचन टोण्डर, निरंजन टोण्डर, नीरज केशरवानी, डॉ रामजी शर्मा, नरेन्द्र जायसवाल, जगकुमार शास्त्री, अनिश सेमुएल मसीह, केशव सिंह परिहार, हीरा कश्यप, कन्हैया गुप्ता, संतोष देवांगन, योगेश केशरवानी, अर्पण बेंजामिन, मनोहर यादव, प्रमोद सोनी, संतोष चौहान, उमाशंकर देवांगन, प्रवीण दास, किशन गुप्ता, राजू सोनी, रमाकांत सोनी का कहना है कि, विभाग के द्वारा मेंटनेंस के नाम पर 2-3 घण्टा बिजली बंद कर दिया जाता है। रात हो या दिन हो किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय सारणी नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि, बिजली की समस्या का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

## जर्जर गौरवपथ का होगा पुनर्निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जर्जर गौरवपथ के पुनर्निर्माण का भूमिपूजन किया गया। लगभग 84 लाख रूपए में 620 मीटर लंबे गौरव पथ का पुनर्निर्माण होगा।

नगरपालिका तखतपुर की सबसे व्यस्ततम सड़क गौरव पथ की खस्ता हाल से नगरवासी काफी परेशान थे जिस सड़क की पुनर्निर्माण के लिए बार बार लोगों ने आग्रह किया था अब इस सड़क की सुध ली गई है। 620 मीटर बनने वाले इस सड़क के लिए सरकार ने 84 लाख रूपए की स्वीकृत किया था अब इसका निर्माण प्रारंभ हो गया जिसका भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ सहित अन्य प्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमारी परिषद प्रांरभ से ही लोगों की समस्या को निराकरण करने के लिए जुटी हुई है और काम भी लगातार कर रहे है खासकर बुनियादी सुविधाओं के मामले में भी विशेष प्रयास जारी है गौरव पथ के पुर्ननिर्माण से लोगों को भारी राहत मिलेगी। इस अवसर पर आतमजीत सिंह मक्कड़, नगरपालिका उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, रमन हूरा, कैलाश देवांगन, हरविंदर हूरा, बबलू गुप्ता, मुन्ना श्रीवास, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र राज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा मनियारी एनीकट

**तखतपुर।** मनियारी नदी के तट पर बसे तखतपुर नगर में जल स्तर बढ़ाने और आम नागरिकों की निस्तारी की सुविधा के लिए लगभग 3 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बरेला-तखतपुर एनीकट का निर्माण वर्ष 2013 में किया गया था। अगस्त माह में आयोजित विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने विधायक राजू सिंह क्षत्रीय के कार्यकाल में इस एनीकट का उद्घाटन किया था। इसके बाद से इसमें जल भराव किया जाता रहा है। निर्माण के 13 वर्ष बीत जाने के बाद अब एनीकट को मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इतने वर्षों में यहां किसी भी प्रकार का बड़ा सुधार या निर्माण कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण एनीकट के कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं। एनीकट के सामने बना प्लेटफार्म पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। कई बार बाढ़ आने और लंबे समय तक देखरेख नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है,



जिससे नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसके अलावा बरसात के बाद एनीकट में भरा पानी गंदे नाले का रूप लेने लगता है। जल भराव से पहले आने वाली नालियों और आसपास फेंके जाने वाले कचरे के कारण एनीकट क्षेत्र गंदगी से भर जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनीकट का उपयोग केवल जल संग्रहण ही नहीं, बल्कि नगर के लोगों की निस्तारी और जल संकट से राहत के लिए भी महत्वपूर्ण है। लेकिन वर्तमान में मनियारी नदी के तट पर कचरा और अवशेष बहाकर फेंके जाने से नदी का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है, जो भविष्य में खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। यह एनीकट सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है, लेकिन अब तक यहां कोई ठोस सुधार कार्य नहीं कराया गया है। नागरिकों ने मांग की है कि एनीकट की सफाई, मरम्मत, रेलिंग, बिजली पोल, प्लेटफार्म और आसपास के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाए। लोगों का मानना है कि मनियारी नदी तखतपुर, बरेला और आसपास के गांवों की जीवन रेखा है, इसलिए एनीकट का सुधार और नियमित रखरखाव जरूरी है। इससे न केवल जल स्तर बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र के लोगों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

## 63 कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

- विधायक धर्मजीत ने लाखासर में कराया भाजपा प्रवेश

**सकरी।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर 63 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व पर आस्था जताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह की सहमति से मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

पूर्व जनपद सदस्य एवं लाखासार के सरपंच अलख निर्मलकर एवं लक्ष्मी श्रीवास के नेतृत्व में 63 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि भाजपा की जनहितैषी नीतियों और प्रधानमंत्री



के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय संतोष कौशिक गुरुजी, अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, राकेश तिवारी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तखतपुर, मंडल महामंत्री तुलसी कौशिक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद अवस्थी, डॉ. प्रवीण तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**मुंगेली।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट (शैक्षणिक भ्रमण) कराया गया। प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नवीन विधान सभा भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधोसंरचनात्मक और सांस्कृतिक भव्यता को करीब से देखा।

भ्रमण की शुरुआत पुरखौती मुक्तांगन के अवलोकन से हुई, जहां छात्रों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को समझा। इसके पश्चात, विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन ले जाया गया, जहां उन्होंने सदन की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए दर्शक दीर्घा मे बैठ कर प्रश्नोत्तर काल की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जाना। इस यादगार अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं मुंगेली क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विद्यार्थियों से अटल प्रतिमा परिसर में मुलाकात कर उनका परिचय लिया। इस भ्रमण से बच्चों एवं शिक्षकों में प्राचीन आदिवासी संस्कृति, परंपरा एवं जीवन शैली के साथ साथ राज्य के संवैधानिक, राजनैतिक एवं विधायी कार्य प्रणाली का बौद्धिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शैक्षणिक भ्रमण




को सफल बनाने में व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, रश्मि पाण्डेय, सांत्वना दत्ता, सविता देवांगन, रंजीता केंवट, संध्या कुजूर, ज्योति जायसवाल, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता,व्यायाम शिक्षक राजेंद्र साहू, शिक्षक वीर सिंह सोनवानी, ललिता प्रसाद पाटले, साकेत शुक्ला सहित लिपिक बंशीलाल कुम्हार एवं राकेश साहू आदि कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## श्रीरामचरित मानस में शामिल हुए तोखन



**तखतपुर।** नगर में आयोजित अखिल भारतीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि रामचरित मानस हम सबको जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान श्री राम मर्यादा के धनी हैं घर घर में राम राज्य की कल्पना को लेकर गोस्वामी तुलसीदास रामचरित मानस लिखा हैं। हम सबको अपने माता-पिता का आदर करना है बड़ों का सम्मान करना है संतों का सम्मान करना है तो हम सब के घर में राम राज्य की स्थापना होगी। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक एवं जनपद के अध्यक्ष माधवी वस्त्रकर की उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने जगद्गुरु शंकराचार्य से मुलाकात करने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर योगेंद्र मिश्रा रोहन सिंह ठाकुर कृष्ण कुमार साहू भागवत साहू जुगल किशोर पांडे अनिल सिंह हेमंत साहू नैनलाल साहू अमित मदनी कोमल सिंह कैलाश देवांगन सुनील आहूजा ईश्वर देवांगन राकेश तिवारी बृजपाल सिंह हुरा लव कुमार पांडे जय दुबे संदीप सन्नी बग्गा नरेंद्र रात्रि रोशन सिंह मालती यादव लता कश्यप रामानंद मारवी कमल साहू दरबारी यादव शिप्रा समूवेल विश्वनाथ यादव केसर सिंह महेश सिंह अन्य उपस्थित रहे।

## साव धर्मादा ट्रस्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को दी 1.50 लाख की छात्रवृत्ति



**मुंगेली।** भवानी साव रामलाल साव धर्मादा ट्रस्ट मुंगेली के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ विनय गुप्ता ने रम्भा बाई रामलाल साव शासकीय कन्या उमा विद्यालय मुंगेली के सत्र 24-25 में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान 15 छात्राओं को 1 लाख 50 हजार रुपए की छात्रवृति प्रदान की थी, उनसे रूबरू होते हुए उच्च शैक्षिक संस्थानों में आगे शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने वर्तमान में अध्ययनरत सत्र 25-26 के छात्राओं को एग्जाम के बाद आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए का चेक प्राचार्य कृष्णकुमार नवरंग को विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों से रूबरू होते हुए प्रदान किया। साथ ही विद्यालय में गेट व सीढ़ी को निर्माण करने के लिए राशि प्रदान करने का भरोसा दिलाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता ने विद्यालय में बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि, कन्या शाला का निर्माण 1978 में अपनी पत्नी रम्भा बाई के नाम पर किया था और ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रीय त्यौहार पर प्रसाद वितरण के साथ भवन में आवश्यक कार्य में महती भूमिका अदा की जाती है। कार्यक्रम में व्याख्याता जीएस राजपूत, विभा साहू, एम कुर्रे, संजय सोनी, डेनियल दयाल, दिलीप काठले, कुमार सिंग ध्रुव, श्री चंद्रवंशी, प्रतिभा शर्मा, चंचल देवागन, पूर्णिमा तम्बोली, रिकेश्वरी साहू, हुलेश, राजकुमारी का संचालन व्याख्याता चंद्रकुमार महिलांग ने किया। आभार प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग व तिहारी चंद्रवंशी ने किया।

### सोनार समाज ने मनाया होली मिलन

# महिलाओं व बच्चों को दिया गया विशेष स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सोनार समाज के तत्वावधान में सोनार सदन में होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समाज की एकता को विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए सभी को कार्ड देकर निमंत्रण से आंमत्रित किया गया। जिसमें बच्चे एवं महिला वर्ग को विशेष स्थान दिया गया।

सामाजिक वरिष्ठजनों को विशेष मुख्य अतिथि का स्थान दिया गया। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व सराफा अध्यक्ष रमेश सोनी, अध्यक्ष विहिप दिनेश सोनी, सराफा संघ अध्यक्ष धीरज सोनी, पूर्व सचिव सोनार समाज त्रिलोकी सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा राधा कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर फूलों की माला पहनाकर एवं गुलाल से टीका लगाकर किया गया।



मुख्य अतिथियों का सम्मान सोनार समाज के सभी पदाधिकारी द्वारा टीका लगाकर फूलों की माला पहनाकर किया गया। जिसमें सोनार समाज के अध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष रोशन सोनी, कोषाध्यक्ष योगेश सोनी, सह कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव विनय सोनी, सहसचिव अपूर्व सोनी, उप सचिव लक्ष्मीकांत सोनी, प्रवक्ता नवीन सोनी, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश सोनी, प्राचार्य विजय सोनी, राजेश सोनी, विक्की सोनी एवं दिलीप सोनी उपस्थित रहे। कार्यकारिणी सदस्यों ने भी मुख्य अतिथियों का सम्मान किया। जिसमें अमित सोनी, विकास सोनी, राहुल सोनी, मानव सोनी, रवि सोनी, सुमित सोनी, पवन सोनी, दीपक सोनी, आदित्य सोनी, प्रवीण सोनी शामिल रहे। मुख्य अतिथि अनिल सोनी ने अपने उद्बोधन में समाज में आए हुए मातृ शक्ति उपस्थिति एवं बच्चों के उत्साह को देखकर तारीफ की। मातृशक्ति में राजकुमारी सोनी, सुनीता सोनी, वंदना सोनी, जिज्ञासा सोनी, शिवानी सोनी, गरिमा सोनी, गीतिका सोनी, श्रद्धा सोनी, पम्मी सोनी, सरिता सोनी, विभा सोनी, सरस्वती सोनी, ललिता सोनी, प्रिया सोनी, किरण सोनी, प्रीति सोनी, मंजू सोनी, सरला सोनी, प्रमिला सोनी, पूनम सोनी, आरती सोनी, राजेश्वरी सोनी, मानसी सोनी, रेखा सोनी, पूर्णिमा सोनी, सुमन सोनी उपस्थित रहे।

## कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**बिलासपुर।** ग्राम पेण्डरवा में महिला समिति कुर्मी समाज के तत्वावधान में 16 से 23 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को ग्राम की माता-बहनों द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कथावाचक पं. देवशरण दुबे (नरगोड़ा वाले) द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी देवी-देवताओं की स्थापना की गई। कलशयात्रा में ग्राम पेण्डरवा की सरपंच अंजनी बाई सहित आसपास के ग्राम लक्षनपुर, गोंदइया, ओकलाही एवं चुमकवां की माता-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश कश्यप, विमल कश्यप, रामप्रकाश कश्यप एवं रोहित कश्यप हैं, जबकि मुख्य जजमान राजेश कश्यप एवं दीपा कश्यप हैं। श्रीमद् भागवत पूजन के लिए लतेलराम कश्यप, राजकुमार धीवर, गौरी कश्यप, संध्या, लता, दीपा कश्यप, विद्या कश्यप, पुष्पा कश्यप, शत्रुहन कश्यप, प्रीतम धीवर, विष्णु कश्यप, बसंत कश्यप संतोष कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नशे में धुत बाइक सवार डिवाइडर से टकराया, मौत



**बिलासपुर।** नशे में धुत होकर जा रहे बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराकर गिर गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, तालापारा निवासी मो. जयद हुसैन अंसारी पिता मो रहीस अंसारी 28 साल दोस्त रितेश तोलानी के साथ शराब पीने के बाद अलग अलग बाइक से पुराना बस स्टैण्ड की ओर जा रहे थे। रात 1.30 बजे होटल हैवन्स पार्क के सामने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर तत्काल पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कार की टक्कर से मां बेटी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार मां बेटी को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली आशा स्वाती केरकेट्टा पिता सुनील कुमार केरकेट्टा 15 मार्च की सुबह स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 4110 में अपनी मां मुक्ती केरकेट्टा को बैठाकर चर्च जा रही थी। सुबह 8 बजे बंगाली स्कूल चौक में बुधवारी बाजार की ओर से आ रहे कार क्रमांक ईव्ही, एमजी विन्सोर के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। हादसे में मां बेटी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मां को इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आशा स्वाती की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर।** पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर चौकीदार से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू स्पोर्ट सिटी में चौकीदारी करने वाले उमाशंकर ठाकुर पिता सुरेश सिंह ठाकुर 15 मार्च को ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान मानू बंजारे अपने दोस्तों के साथ आया और पुलिस का मुखबिरी करने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की गई है।

### अनाचार का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** महिला से अनाचार करने के मामले में फरार आरोपी पार्षद पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सकरी थाना के एएसआई सुरेन्द्र तिवारी ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट लिखाई थी। 25 जनवरी 2026 को उसलापुर सांई नगर पार्षदपति राजेन्द्र सूर्यवंशी उर्फ रिंकू पिता राजेश सूर्यवंशी 33 साल उनके घर घुसकर में घुसकर मारपीट करते हुए जोर जबरदस्ती कर अनाचार किया। उसके बाद घटना के संबंध में किसी को बताने पर पति व बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस अपराध कायम कर आरोपी के पतासाजी में लगी हुई थी। 16 मार्च को पुलिस ने उसलापुर क्षेत्र से फरार आरोपी पार्षदपति राजेन्द्र सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

**एक-एक सिलेंडर के लिए चारों ओर मचा हाहाकार** | **एसी ट्रायबल ने सभी हॉस्टल अधीक्षकों को दिए निर्देश**

# ट्रायबल के छात्रावासों में सिलेंडर की कमी का प्लान-बी तैयार, लकड़ी से खाना बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलेंडर की कथित कमी के चलते एक ओर जहां एक-एक सिलेंडर के लिए चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर आदिवासी विकास विभाग ने अपने छात्रावासों के लिए इसका प्लान-बी तैयार करके रख लिया है। सहायक आयुक्त द्वारा सारे छात्रावास अधीक्षकों को सिलेंडर की कमी होने की स्थिति में परेशान हुए बगैर लकड़ी से खाना बनवाने के निर्देश दिए हैं।

देश में गैस सिलेंडर के लिए भारी मारामारी के बीच आदिवासी विकास विभाग ने अपना प्लान-बी बनाकर मानो इस समस्या को एक पल में समाप्त ही कर दिया है। शहर के भीतर एवं गांवों को मिलाकर जिले में विभाग के दर्जनों बालक एवं कन्या छात्रावास स्थापित हैं, जहां रहने वाले बच्चों के लिए भोजन बनाने हेतु ईंधन की जरूरत होती है। छात्रावासों में गैस सिलेंडरों की जरूरत लगातार होती है, जिससे देश में व्याप्त परिस्थितियों के अनुसार यह भी संभव है कि कभी इनकी आपूर्ति सही समय पर न हो। ऐसे में छात्रावासों में भोजन बनाने में दिक्कत हो सकती है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए आदिवासी विभाग द्वारा अपने सारे छात्रावास अधीक्षकों को दूसरे विकल्प के तौर पर भोजन बनाने के लिए लकड़ी का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए आवश्यकतानुसार लकड़ी की समुचित व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

### 84 हॉस्टल में निवासरत हैं साढ़े चार हजार बच्चे



जिले में आदिवासी विकास विभाग के करीब 84 हॉस्टल हैं, जहां साढ़े चार हजार बच्चे निवास करते हैं। इस हिसाब से ऐसा माना जा सकता है कि प्रत्येक हॉस्टल में औसतन 50 से 55 बच्चों के लिए दोनों समय का चाय-नाश्ता और भोजन बनाया जाता है। ऐसे में छात्रावासों में हर दो दिनों में ही सिलेंडर की जरूरत होती होगी। इस लिहाज से विभाग द्वारा लकड़ी को वैकल्पिक ईंधन के तौर पर तैयार रखना अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।

### पर्याप्त सिलेंडर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने छात्रावासों में सिलेंडर की कमी नहीं होने संबंधी निर्देश खाद्य विभाग को दिए हैं। इसके बाद भी किसी कारणवश अगर सिलेंडर की आपूर्ति में कमी या विलंब की स्थिति निर्मित होती है, तो छात्रावासों में लकड़ी से भोजन बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**-संजय चंदेल**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग

**दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में बढ़ी भीड़**

# गर्मी शुरु होते ही पलायन करने लगे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी शुरु होते ही अब मजदूरों का कमाने-खाने के लिए पलायान शुरू हो गया है। इन मजदूरों की भीड़ नई दिल्ली की ओर जाने वाली हीराकुंड, जम्मूतवी, संपर्कक्रांति सहित अन्य ट्रेनों में है, जिसके कारण सामान्य यात्रियों को बैठने के लिए जगह मिलना भी मुश्किल हो गया है।

प्रतिवर्ष गर्मी की शुरुआत होने के साथ ही खेती किसानी का काम बंद हो जाता है। वहीं बारिश के मौसम में निर्माण कार्यो के रुकने के बाद ग्रामीण दोबारा अपने काम में लग जाते हैं। गर्मी के मौसम में खाली होने की वजह से कमाने-खाने के लिए मजदूर हजारों की संख्या में बाहर निकल जाते हैं। प्रदेश के बिलासपुर के साथ दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, रायगढ़ के अलावा कोरबा से भी बड़ी संख्या में मजदूरों की संख्या ट्रेनों में अधिक हो जाती है, जो अपने परिवार व बच्चों के अलावा पूरा घर का साजो सामान लेकर ट्रेन से दिल्ली, अमृतसर, जम्मू और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर रवाना होते हैं। इन मजदूरों की संख्या सबसे अधिक दुर्ग से रायपुर, भाटापारा, दाधापारा से डायवर्ट होकर उसलापुर होते हुए कटनी की ओर निकलने वाली दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, बिलासपुर से होकर जाने वाली पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस में होती है। एसी कोच को छोड़कर और जनरल कोच में भीड़ अधिक होने के कारण मजदूर और उनका परिवार स्लीपर कोच में सफर करता है, जिसे ईएफटी काटकर टीटीई सफर करने की अनुमति दे देते हैं। इसके कारण दो माह पहले बुकिंग कराने वाले यात्रियों को कोच में भी चलने की जगह नहीं मिल पा रही है।



कोरबा–यशवंतपुर ट्रेन की कोच यात्रियों से भरी ठसाठस, खड़े होकर करना पड़ रहा सफर।

### मजदूर हैं कमाई का जरिया

रेलवे के कामर्शियल विभाग को अन्य विभागों के साथ राजस्व की कमाई का टारगेट दिया जाता है। रेलवे बोर्ड से जोन को और जोन से डिवीजन स्तर पर मिलने वाले कामर्शियल विभाग के टारगेट को पूरा करने के लिए अफसर सीटीआई और टीटीई की ड्यूटी स्टेशन और ट्रेनों में लगा देते हैं। टीटीई सबसे अधिक बिना टिकिट वाले यात्रियों के अलावा मजदूरों को बिलासपुर और उसलापुर से ट्रेन में रवाना करने के लिए प्रति यात्री 900 रुपए की रसीद काटते हैं, जिससे रेलवे को भी अच्छा खासा राजस्व प्राप्त हो जाता है।



# पेट्रोल-डीजल- एलपीजी के वाहनों को प्रवेश की छूट

### सप्लाई को हर हाल में सुचारू रखने लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई को सुचारू रखने के उद्देश्य से पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में लगे भारी वाहनों को शहर के भीतर चौबीसों घंटे आवागमन करने की छूट प्रदान की गई है। यह छूट फिलहाल 31 मार्च तक के लिए होगी। इससे पहले तक इन भारी वाहनों के लिए भी दिन में पांच घंटे शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया था।



■ 31 मार्च तक प्रभावशील

जिला प्रशासन ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडरों के परिवहन में लगे भारी वाहनों को शहर के भीतर चौबीसों घंटे आवाजाही करने की छूट दी है। वैसे तो भारी वाहनों का प्रवेश शहर में पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है, लेकिन पेट्रोलियम पदार्थों को अति आवश्यक वस्तु के अंतर्गत रखते हुए इसके परिवहन से संबंधित वाहनों को सुबह 9-11 एवं शाम 5-8 बजे तक की अवधि को छोड़कर पूरे दिन आवाजाही करने की छूट दी गई थी। आज की स्थिति में पेट्रोलियम पदार्थों की मारामारी को ध्यान में रखते हुए इसकी आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा न आए इसके लिए जिला प्रशासन ने शहर के भीतर पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में संलग्न वाहनों को प्रतिबंधित अवधि सुबह 9-11 एवं शाम 5-8 बजे तक भी प्रवेश की अनुमति दे दी है।। ऐसे में अब पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन से जुड़े वाहन चौबीसों घंटे शहर के भीतर आवागमन कर सकेंगे। इन सभी वाहनों के लिए गतिसीमा 20 किलोमीटर प्रतिघंटे तय की गई है। हालांकि कलेक्टर द्वारा जारी उक्त आदेश के अंतर्गत यह छूट फिलहाल 31 मार्च तक के लिए ही जारी की गई है, जिसे संभवतः बाद में आवश्कतानुसार बढ़ाया जा सकेगा।

# ग्राकृवि अधिकारी व पंचायत सचिवों को अफीम खोजने की जिम्मेदारी

### अफीम की खेती नहीं होने का देंगे सर्टिफिकेट

**बिलासपुर।** पंचायत, कृषि एवं राजस्व विभाग में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को अब उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती का पता लगाने की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। अफीम की खेती होने या नहीं होने दोनों ही परिस्थितियों में इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे। इसे जमीनी स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों द्वारा शासन को दिया गया एक तरह का सर्टिफिकेट भी कहा जा सकता है।

प्रदेश में हाल ही में बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का पता चलने बाद न केवल पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि शासन ने इसे गंभीरता से भी ले लिया है। इसी के मद्देनजर शासन द्वारा एक पत्र भेजा गया है, जिसके अनुसार शासन के कुछ विभागों में जमीनी स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की संभावित खेती के बारे में पता लगाने को कहा गया है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं पंचायत सचिव स्तर के कर्मचारियों को इसकी जिम्मेंदारी सौंपी गई है। कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती होने या नहीं होने दोनों ही परिस्थितियों में इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देनी होगी।

एसडीएम मनीष कुमार साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों जिनमें पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों से उनके कार्यक्षेत्र में अफीम की खेती के संबंध में जानकारी मांगी गई है।

# जंगल को आग से बचाने माइक से अनाउंसमेंट कर रहे हैं ग्रामीण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को माइक सेट दिया गया है। ग्रामीण माइक के जरिए गांव के लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। वहीं आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल टीम पहुंचकर उसे बुझा रही है। प्रबंधन के इस पहले से आग लगने की घटना में कमी के साथ वन्यप्राणी सुरक्षित रहेंगे।

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना सबसे ज्यादा जंगल एरिया में होती है। इस मौसम में पेड़ के पत्ते सूखने के बाद जमीन पर गिर जाते हैं, जहां ग्रामीण बीड़ी पीने के बाद उसे फेंक देते हैं। इसके कारण वन विभाग को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं आग लगने की घटना से वन्यप्राणियों को भी मुश्किल होती है और वे जंगल से गांव की ओर रूख करने लगते हैं। बिलासपुर वन मंडल के चारों रेंज के अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी घना जंगल हैं। आग की घटना को रोकने के लिए विभागीय अफसर प्रतिवर्ष संविदा नियुक्ति देकर फायर वाचर रखते हैं, जो पूरे जंगल का भ्रमण कर आग लगने की जानकारी देने के साथ उसे बुझाने का भी काम करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के जंगल में आग की घटना को कम करने के लिए विशेष रूप से कोटा में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही रायपुर मुख्यालय से भी सेटेलाइट के माध्यम से जंगल में लगने वाली आग के संबंध में जानकारी मिल रही है।

अब एटीआर प्रबंधन ने कंट्रोल रूम के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में एक माइक सेट, हैंड हेड हेल्ड दिया गया है, जिसमें एक व्यक्ति सायकल पर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आग की घटना से बचाव के लिए अनाउंसमेंट करने का कार्य कर रहा है।

### आग मित्र को मिली सायकल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पिछले वर्ष आग लगने की घटना में कमी आई है। यहां के विस्थापित ग्रामीण भी काफी जागरूक हैं, जो लगातार आग को देखकर उसे बुझाने का काम कर रहे हैं। इसे देखते हुए सभी गांव में अब लोगों में चार आग मित्र को चुना गया है, जिन्हें विभाग की ओर से सायकल भी दिया गया है। इस सायकल में आग मित्र विभाग से मिलने वाले माइक के जरिए आग को रोकने जागरूक करने का काम करेंगे।

**-यूआर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

# सीयू में कर्मचारियों के लिए बनेगी स्थानांतरण नीति

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति बनाया जाएगा। शुक्रवार को यूनिवर्सिटी में स्टेडिंग कमेटी की बैठक हुई, जिसमें कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधी नीति बनाए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद कर्मचारियों के लिए अलग से स्थानांतरण नीति बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी जब स्टेट यूनिवर्सिटी था तब वहां के कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति था। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों का एक से दूसरे विभागों में स्थानांतरण भी किया जाता था, लेकिन स्टेट यूनिवर्सिटी से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड होने के बाद से कर्मचारियों के लिए अलग से स्थानांतरण नीति नहीं बनाई गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। ये कर्मचारी यूनिवर्सिटी के विभिन्न टीचिंग डिपार्टमेंट एवं प्रशासनिक कार्यालयों में पदस्थ हैं। कई-कई कर्मचारी तो पिछले कई सालों से एक ही विभागों में जमे हुए हैं तो कई कर्मचारी बार-बार इधर से उधर पदस्थ किए जाते हैं।

### मोपका क्षेत्र में नल की टोटी चोरी कर भागा चोर

**बिलासपुर।** मोपका क्षेत्र में चोर लोगों के घर के सामने से नल की टोटी चोरी कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विवेकानंद नगर मोपका निवासी एसईसीएल रिटायर्ड कर्मी ओंमप्रकाश धिलहरे ने रिपोर्ट लिखाई। 14 मार्च की शाम 7.20 बजे उनके साढू पुन्नी लाल टण्डन के पड़ोसी चंदू साहू ने उन्हें फोनकर सूचना दी कि उनके घर के अंदर से तोड़फोड़ की आवाज आ रही है। उनके घर में काफी समय से ताला बंद है। वे टार्च लेकर अपने साढू के घर विवेकानंदनगर फेस 2 गए तो चंदू साहू व अन्य दो व्यक्ति मिले। टार्च जलाकर अंदर गए तो एक गंजा व्यक्ति बोरी में सामान रखकर अंधेरे का फायदा उठाकर उनके सामने से भाग गया। अंदर जाकर देखे तो 10 नग नल की टोटी चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री धिलहरे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले 5 नकाबपोश चोरो ने तीन सूने मकान का दरवाजा फाड़ कर लाखों का सामान चोरी कर लिया था। बताया जाता है पेशेवर बाहरी गिरोह के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस चोरों को पकड़ पाने में नाकाब साबित हो रही है।

# टीकाकरण के पहले दिन सिर्फ 1 को लगा टीका

**बिलासपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू किए गए गार्डसिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीव्ही टीके के लिए सोमवार को महज जिले में 1 किशोरी को ही टीका लगाया गया। वाटस्अप और फेसबुक में इस टीके के बारे में कई तरह की बातें सामने आई हैं, जिसके चलते लोगों को भ्रंम का माहौल है, जिसके चलते आने वाले दिनों में टीकाकरण की सफलता में देरी हो सकती है।

विशेष टीकाकरण राष्ट्रीय अभियान के तहत 16 मार्च से गार्डसिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी टीका 14 से 15 वर्ष के किशोरियों को लगाया जाना है। साल 2010 से 2012 के किशोरियों को इस वैक्सीन का टीका लगाया जा सकता है। डाक्टरों के अनुसार 14 साल पूर्ण होने और 15 साल से पहले ही टीका लगाया जाना है ऐसे में लोगों में भ्रम का माहौल पैदा हो चुका है। खास बात यह है कि निजी अस्पतालों में लगाए जाने वाले वैक्सीन की कीमत 4 से 7 हजार रूपए वसूल किया जाता है और दो वैक्सीन लगाई जाती है जबकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत वैक्सीन लगाई जा रही है, जिसमें डाक्टर और अधिकारी लगातार लोगों से टीकाकरण को प्रोत्साहन देने की अपील कर रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल में महज 1 किशोरी को ही टीका लगाया गया, हालांकि यह अभियान का पहला दिन था, लेकिन इसके बावजूद महज 1 किशोरी टीका लगाकर खानापूर्ति कर दी गई है।

■ अभियान को लेकर लोगों में भ्रम

### जिला अस्पताल में लगेगा टीका

14 वर्ष की किशोरियों को जल्द ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण किया जा रहा है। जिला अस्पताल में सुबह 9.30 से 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिले में 30 शासकीय कोल्ड चैन प्लाइंट बनाए गए है, स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्य के अनुसार जिले में 22 हजार 363 किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा। इसके साथ ही मितानिनों को इस संबंध में प्रशिक्षण देकर किशोरियों को जिला अस्पताल लाने के लिए कहा गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हे निर्धारित तिथियां मे इस ग्रुप के साथ भेज सकते है इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411